# समर एक्सप्रेस

द समर न्यूज़

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 7:20 बजे
सूर्यास्त शाम 5:33 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-119 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-5 रूपये ● शनिवार 3 जनवरी 2026 ● चंडीगढ़ ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर ● एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल


## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली-NCR को प्रदूषण से राहत

**दिल्ली|** एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने GRAP-3 के तहत लागू पाबंदियों को हटा लिया है। आयोग के अनुसार, दिल्ली का AQI गुरुवार को 380 था, जो शुक्रवार शाम 4 बजे घटकर 236 दर्ज किया गया। इस सकारात्मक रुझान को देखते हुए GRAP-3 की सभी कार्रवाइयां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गईं। हालांकि, GRAP चरण-1 और चरण-2 के तहत प्रतिबंध एनसीआर में जारी रहेंगे।

### चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**छत्तीसगढ़|** शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने ईडी और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामलों में उन्हें जमानत दे दी। यह राहत फाइनल चार्जशीट दाखिल होने के बाद दी गई है। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने इस कथित उत्पाद शुल्क घोटाले में अंतिम चार्जशीट पेश की थी, जिसके बाद कोर्ट ने जमानत मंजूर की।

### पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा

**लाहौर|** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बस और वैन की टक्कर में विश्वविद्यालय के एथलीट्स सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसा लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर अड्डा फकीर दी कुल्ली इलाके में हुआ। फैसलाबाद के उपायुक्त के अनुसार, यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज के छात्र बस से कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घायलों में पांच की हालत गंभीर है।

### 11 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

**कोलंबो|** श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी एक नाव जब्त की है। नौसेना के अनुसार, मछुआरों को उत्तरी प्रांत में कंकेसंथुरई के उत्तर में पकड़ा गया। चेतावनी के बावजूद मछली पकड़ने का आरोप है। गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए मत्स्य निरीक्षणालय लाया जा रहा है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# रैगिंग और यौन उत्पीड़न के आरोपों से हिला शिक्षा तंत्र

**राहूल चावला | समर न्यूज़ धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के शांत माने जाने वाले शहर धर्मशाला से सामने आए एक बेहद गंभीर और झकझोर देने वाले मामले ने पूरे राज्य के शिक्षा तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कॉलेज में कथित रैगिंग, मानसिक उत्पीड़न और यौन प्रताड़ना से परेशान 19 वर्षीय छात्रा पल्लवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार के बयान पर पुलिस ने चार छात्राओं और एक कॉलेज प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, थाना धर्मशाला में यौन उत्पीड़न, स्वेच्छा से चोट पहुंचाने और साथ ही हिमाचल प्रदेश एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन एक्ट 2009 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। कांगड़ा के एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह शिकायत पहले सीएम हेल्पलाइन तक भी पहुंची थी और अब सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। मृतक छात्रा के पिता ने कॉलेज प्रशासन, पुलिस और समाज की सोच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कॉलेज में बेटी को न सिर्फ छात्राओं द्वारा प्रताड़ित किया गया, बल्कि एक प्रोफेसर ने भी मानसिक रूप से उसे प्रताड़ित किया। उन्होंने जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल और लगातार मानसिक दबाव की बात कहते हुए दावा किया कि इसी कारण उनकी बेटी अवसाद में चली गई और अंततः उसने अपनी जान गंवा दी। अगर समय रहते पुलिस और कॉलेज प्रशासन ने कार्रवाई की होती, तो शायद उनकी बेटी आज जीवित होती। वहीं दूसरी ओर, कॉलेज प्रशासन ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए प्रोफेसर के पक्ष में मोर्चा संभाल लिया है। कॉलेज के प्रिंसिपल राकेश पठानिया ने कहा कि मृतक छात्रा उनके कॉलेज की पूर्व छात्रा थी, लेकिन मौजूदा शैक्षणिक सत्र में उसकी एनरोलमेंट नहीं हो पाई थी। उन्होंने दावा किया कि छात्रा पहले वर्ष में तीन विषयों में फेल हो गई थी और विश्वविद्यालय नियमों के खिलाफ दूसरे वर्ष में दाखिले का दबाव बना रही थी। प्रिंसिपल ने यह भी कहा कि कॉलेज में रैगिंग को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति है और इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत कॉलेज को प्राप्त नहीं हुई। कॉलेज के सह-प्राचार्य और प्रोफेसर यूनिट के अध्यक्ष विक्रम श्रीवत्स, तथा मनोविज्ञान की प्रोफेसर मोनिका मक्कड़ ने भी आरोपी प्रोफेसर का समर्थन करते हुए आरोपों को निराधार बताया।

उनका कहना है कि संबंधित प्रोफेसर का वर्षों का सेवाकाल बेदाग रहा है और उनके खिलाफ पहले कभी इस तरह की शिकायत सामने नहीं आई। इस मामले में अब छात्र संगठन एबीवीपी की भी एंट्री हो चुकी है। एबीवीपी की प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने की बात कहते हुए पुलिस और कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए।



*जिस कॉलेज में हमने बेटी को पढ़ने भेजा, वहीं उसकी जिंदगी नरक बना दी गई। छात्राओं ने तो दुर्व्यवहार किया ही, एक प्रोफेसर ने भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसे जातिसूचक शब्द कहे गए। मेरी बेटी अंदर से टूट गई थी। अगर समय रहते कार्रवाई होती, तो आज मेरी बेटी जिंदा होती।*
**-पीड़ित पिता**

*हम पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं, लेकिन यह स्पष्ट करना जरूरी है कि छात्रा इस सत्र में हमारे कॉलेज की नियमित छात्रा नहीं थी। पिछले वर्ष वह प्रथम वर्ष में तीन विषयों में फेल हो गई थी और नियमों के खिलाफ दूसरे वर्ष में दाखिले का दबाव बना रही थी। कॉलेज में रैगिंग को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति है और हमें कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई।*
**-राकेश पठानिया, कॉलेज प्रिंसिपल**

### एबीवीपी प्रांत मंत्री ने कहा

"अगर पुलिस और कॉलेज प्रशासन समय रहते गंभीरता दिखाते, तो यह दुखद घटना टल सकती थी। आपराधिक मामलों में ढिलाई और छात्र आंदोलनों में सख्ती यह दोहरा रवैया अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"
**नैंसी अटल, एबीवीपी प्रांत मंत्री**

### जिम्मेदार कौन?

एक ओर पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है, वहीं दूसरी ओर कॉलेज और प्रशासन अपनी-अपनी सफाई में जुटे हैं। अब यह जांच और अदालत का विषय है कि इस पूरे घटनाक्रम में असली दोषी कौन है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि एक होनहार छात्रा की मौत ने शिक्षा संस्थानों में सुरक्षा, संवेदनशीलता और जवाबदेही को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है।

## बलूचिस्तान में चीनी सेना की तैनाती की आशंका

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

बलूच नेता मीर यार बलोच ने चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि आने वाले कुछ महीनों में चीन पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में अपनी सैन्य टुकड़ियों की तैनाती कर सकता है। इस संबंध में मीर यार बलोच ने नए साल के दिन भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को एक खुला पत्र लिखा, जिसे उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। अपने पत्र में मीर यार बलोच ने कहा कि बलूच प्रतिनिधि चीन-पाकिस्तान के गहराते रिश्तों को बेहद खतरनाक मानते हैं। बलूचिस्तान दशकों से पाकिस्तान के नियंत्रण में दमन, राज्य प्रायोजित हिंसा और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों का सामना कर रहा है। उनके अनुसार, बलूच जनता पिछले



79 वर्षों से अत्याचार झेल रही है और अब स्थायी शांति व संप्रभुता के लिए इस समस्या का समाधान जरूरी है। यह परियोजना चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है और बलूचिस्तान से होकर गुजरती है, जिसे स्थानीय लोग अपने भविष्य के लिए बड़ा खतरा मानते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बलूचिस्तान की रक्षा क्षमताओं को मजबूत नहीं किया गया तो चीन सीधे सैन्य दखल दे सकता है। हालांकि चीन और पाकिस्तान CPEC को आर्थिक परियोजना बताते रहे हैं, जबकि भारत इसे अवैध मानता है। फिलहाल इस पत्र पर किसी भी देश की आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## मार्च से घाटी के बर्फीले इलाकों में बड़े सैन्य अभियान की आशंका

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों ने आने वाले महीनों को लेकर अपने नेटवर्क को अलर्ट कर दिया है। आतंकी गुटों का दावा है कि भारतीय सेना मार्च 2026 से घाटी के ऊपरी और बर्फीले इलाकों में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू कर सकती है। इसी आशंका के चलते जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों ने अपने कैडर को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने के निर्देश जारी किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, आतंकी संगठन डिजिटल मैगजीन, पत्र और पीडीएफ दस्तावेज़ों के ज़रिए युवाओं को अपने साथ जोड़ने की मुहिम तेज कर रहे हैं। इनमें खास तौर पर पढ़े-लिखे कश्मीरी युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है। प्रचार सामग्री उर्दू और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में तैयार की जा रही है, ताकि इसका दायरा अधिक व्यापक हो सके। आतंकी नेटवर्क की ओर से 'ZUV' शीर्षक के तहत कई संदेश और पत्र जारी किए गए हैं, जिनमें घाटी में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नज़र रखने और साझा रणनीति तैयार करने की बात कही गई है। इन दस्तावेज़ों में यह दावा किया गया है कि सर्दियों के खत्म होते ही और बर्फ पिघलने के बाद भारतीय सेना ऊंचाई वाले इलाकों में तलाशी और घेराबंदी अभियान तेज कर सकती है। इसी वजह से युवाओं से कहा गया है कि वे आने वाले समय के लिए खुद को तैयार रखें और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की संदिग्ध या ट्रैक होने वाली गतिविधि से दूरी बनाए रखें। इन संदेशों में हाल के महीनों में दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में हुए विस्फोटों का भी उल्लेख किया गया है, जिनके बाद सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता बढ़ने का दावा किया गया है। आतंकी संगठनों से जुड़ी एक डिजिटल मैगजीन में लंबे समय से फरार एक वरिष्ठ आतंकी का इंटरव्यू भी प्रकाशित किया गया है। इस इंटरव्यू में उसने संगठन के सामने संसाधनों, हथियारों और कैडर की कमी की बात स्वीकार की है। इसके बावजूद, उसने यह दावा किया है कि संगठन किसी भी तरह अपनी गतिविधियां जारी रखने और हथियार जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी ओर, सुरक्षा एजेंसियों की सख्त कार्रवाई से आतंकी नेटवर्क को लगातार झटके लग रहे हैं। आतंकियों के मददगारों की गिरफ्तारी, संपत्तियों की जब्ती और ठिकानों को ध्वस्त किए जाने से स्थानीय नेटवर्क कमजोर पड़ा है।

## जम्मू में क्रिकेट मैच के दौरान दिखा फिलिस्तीन का झंडा

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

जम्मू में खेले जा रहे एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान फिलिस्तीन का झंडा दिखाई देने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना सामने आने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और एक खिलाड़ी के साथ-साथ निजी टूर्नामेंट के आयोजक को पूछताछ के लिए तलब किया गया है। यह मामला तब सामने आया, जब मैच से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। वायरल सामग्री में एक बल्लेबाज़ को अपने हेलमेट पर फिलिस्तीन का झंडा लगाए हुए देखा गया, जिसके बाद इस पर सवाल उठने लगे। पुलिस के अनुसार, जिस खिलाड़ी से पूछताछ की जा रही है उसकी पहचान फरकान भट के रूप में हुई है, जबकि निजी टूर्नामेंट के आयोजक का नाम जाहिद भट बताया गया है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि हेलमेट पर झंडा किस उद्देश्य से लगाया गया था, इसके लिए किसी तरह की अनुमति ली गई थी या नहीं और इसके पीछे कोई राजनीतिक या अन्य मंशा तो नहीं थी। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल किसी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस ने पूरे निजी टूर्नामेंट की वैधता की भी जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि संबंधित टूर्नामेंट उनकी ओर से मान्यता प्राप्त नहीं था। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि संबंधित खिलाड़ी JKCA या उसकी किसी संबद्ध इकाई के साथ पंजीकृत नहीं है। नियमों के अनुसार, मान्यता प्राप्त क्रिकेटरों को गैर-मान्यता प्राप्त लीग में खेलने की अनुमति नहीं होती।

## जर्मनी में आग लगने के दौरान तेलंगाना के छात्र की मौत

### परिजनों ने शव को भारत लाने की लगाई गुहार

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

जर्मनी में 31 दिसंबर को हुए एक दर्दनाक हादसे में तेलंगाना के 22 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान थोकाला हृतिक रेड्डी के रूप में हुई है, जो तेलंगाना के जंगांव जिले के चिलपुर मंडल के मलकापुर गांव का रहने वाला था। हृतिक जर्मनी की राजधानी बर्लिन के पास ब्रांडेनबर्ग इलाके में एक अपार्टमेंट में रह रहा था, जहां उसके फ्लैट वाले फ्लोर पर अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने के कारण वह अपार्टमेंट में फंस गया और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा। बताया जा रहा है कि जब आग ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया और बचने का कोई विकल्प नहीं दिखा, तो हृतिक ने जान बचाने के लिए इमारत से छलांग लगा दी। इस दौरान उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है। हृतिक रेड्डी जर्मनी के पोट्सडैम शहर में स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोप फॉर एप्लाइड साइंसेज से मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा था। इससे पहले उसने वारंगल के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। मलकापुर में रह रहे परिजनों को हृतिक की मौत की जानकारी जर्मन अधिकारियों के जरिए मिली। इस खबर से गांव और परिवार में शोक की लहर फैल गई है।

## डिलीवरी मॉडल पर बहस तेज

### राइडर्स की सुरक्षा के सवालों पर जोमैटो CEO दीपेंद्र की सफाई

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

हड़ताल के बाद अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी मॉडल को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। नए साल के मौके पर भले ही फूड और ग्रोसरी डिलीवरी सेवाएं सामान्य रहीं, लेकिन सोशल मीडिया पर यह सवाल लगातार उठता रहा कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा क्या डिलीवरी राइडर्स की सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है। इसी पृष्ठभूमि में जोमैटो के सीईओ दीपेंद्र गोयल ने सार्वजनिक तौर पर अपनी बात रखते हुए मॉडल को लेकर फैली आशंकाओं पर जवाब दिया है। दीपेंद्र गोयल ने कहा कि 10 मिनट की डिलीवरी किसी भी तरह से राइडर्स पर अतिरिक्त दबाव डालने की नीति नहीं है, बल्कि यह मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्राहकों के बेहद नजदीक स्थित स्टोर्स की वजह



से संभव हो पाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिलीवरी पार्टनर्स के ऐप में कोई टाइमर नहीं दिखता और न ही उन्हें यह जानकारी होती है कि ग्राहक को कितने समय की डिलीवरी दिखाई जा रही है। डिलीवरी प्रक्रिया को समझाते हुए गोयल ने बताया कि ऑर्डर मिलने के बाद औसतन ढाई मिनट में पैकिंग पूरी हो जाती है और इसके बाद डिलीवरी पार्टनर लगभग दो किलोमीटर से भी कम दूरी तय करता है। इस दौरान उसकी औसत रफ्तार करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटा रहती है, जिसे उन्होंने सामान्य और सुरक्षित बताया। राइडर्स की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों पर जोमैटो सीईओ ने यह भी कहा कि सभी डिलीवरी पार्टनर्स को मेडिकल और लाइफ इंश्योरेंस की सुविधा दी जाती है। उन्होंने बताया कि हर साल बड़ी संख्या में डिलीवरी पार्टनर्स यह काम छोड़ देते हैं, जो यह दर्शाता है कि ज्यादातर लोग इसे लंबे समय के पेशे के रूप में नहीं अपनाते। शोषण के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए गोयल ने माना कि बाहर से देखने पर यह व्यवस्था कई बार शोषणकारी लग सकती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कोई भी सिस्टम पूरी तरह परफेक्ट नहीं होता और सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।

## DIG निलंबरी विजय को IGP पद पर किया गया प्रमोट

### बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 4 IGP और 12 DIG का प्रमोशन

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने पुलिस प्रशासन में अहम फेरबदल करते हुए कई आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति देकर बड़ा संदेश दिया है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार चार आईपीएस अधिकारियों को इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (IGP) के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह आदेश राज्यपाल की स्वीकृति से 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। अधिसूचना के तहत 2008 बैच की आईपीएस अधिकारी जगदाले निलंबरी विजय को IGP बनाया गया है। वहीं 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी राहुल एस. और बिक्रम पाल सिंह भट्टी, जो फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, को प्रोफार्मा प्रमोशन दिया गया है। इसके अलावा 2008 बैच (एसपीएस) के आईपीएस अधिकारी राजपाल सिंह का नाम भी पदोन्नति सूची में शामिल है। कुछ अधिकारियों को वित्तीय लाभ मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फेज-IV पूरा करने के बाद ही मिलेगा। इसी क्रम में पंजाब सरकार ने 12 आईपीएस अधिकारियों को डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (DIG) के पद पर पदोन्नत किया है। इनमें 2011 बैच के किशन दीप शर्मा और संदीप गोयल, जबकि 2012 बैच के जसदेव सिंह सिद्धू, ध्रुव दहिया, संदीप कुमार गर्ग, गुरमीत सिंह खुराना, अखिल चौधरी सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं। तीन अधिकारियों को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ही वित्तीय लाभ मिलेगा। वहीं आईपीएस अधिकारी विवेकशील सोनी की पदोन्नति अनुशासनात्मक कार्रवाई के चलते फिलहाल सीलबंद लिफाफे में रखी गई है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### गर्भवती महिलाओं के लिए खास पार्किंग ने बदली मॉल संस्कृति

# शॉपिंग से पहले सुकून, गर्भवती महिलाओं के लिए पिंक पार्किंग

**एजेंसी। बेंगलुरु**

अक्सर मॉल का नाम आते ही भीड़, पार्किंग की परेशानी और जल्दबाज़ी की तस्वीर सामने आती है, लेकिन बेंगलुरु के एक मॉल में की गई एक छोटी-सी लेकिन दूरदर्शी पहल ने इस आम धारणा को तोड़ दिया। क्रिसमस ईव के मौके पर शहर घूमने आए पुणे के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने मॉल की पार्किंग में ऐसा इंतज़ाम देखा, जिसने न केवल उन्हें प्रभावित किया बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या सार्वजनिक स्थानों को और मानवीय नहीं बनाया जा सकता। पुणे निवासी अक्षय रैना छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ बेंगलुरु आए हुए थे। बैनरघट्टा




रोड स्थित मॉल में खरीदारी के बाद जब वे बाहर निकल रहे थे, तभी उनकी नज़र 'पिंक पार्किंग' ज़ोन पर पड़ी। यह पार्किंग गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से आरक्षित थी और मॉल के प्रवेश द्वार के बेहद करीब बनाई गई थी। भीड़ से भरे क्रिसमस ईव जैसे दिन पर भी इस सुविधा की सोच-समझकर तय की गई लोकेशन ने उन्हें चौंका दिया। अक्षय के मुताबिक, आमतौर पर मॉल की पार्किंग तनाव, अव्यवस्था और जल्दबाज़ी से भरी होती है, जहां हर कोई सबसे नज़दीकी जगह पाने की कोशिश करता है। ऐसे माहौल में गर्भवती महिलाओं के लिए अलग और सुरक्षित पार्किंग ज़ोन बनाना न सिर्फ सुविधा देता है, बल्कि सम्मान और संवेदनशीलता का भी अहसास कराता है। उन्होंने कहा कि यह पहल यह दिखाती है कि डिज़ाइन सिर्फ जगह भरने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की ज़रूरतों को समझकर भी किया जा सकता है। उनका मानना है कि गर्भवती महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर अक्सर अनदेखी का सामना करना पड़ता है।

लंबी दूरी चलना, भीड़ में निकलना और पार्किंग से एंट्री तक पहुंचना उनके लिए थकाऊ और असुविधाजनक हो सकता है। 'पिंक पार्किंग' जैसी व्यवस्था इन चुनौतियों को काफी हद तक कम करती है और उन्हें सुरक्षित व सहज अनुभव देती है। अक्षय ने उम्मीद जताई कि इस तरह की सुविधाएं सिर्फ बेंगलुरु तक सीमित न रहें, बल्कि दूसरे शहरों और मॉल्स में भी अपनाई जाएं।

मॉल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि 'पिंक पार्किंग' जैसी पहलें केवल एक अतिरिक्त सुविधा नहीं हैं, बल्कि यह सोच का प्रतिबिंब हैं कि सार्वजनिक स्थानों को अधिक समावेशी और उपयोगकर्ता-केंद्रित कैसे बनाया जाए। गर्भवती महिलाओं को बाहर निकलते समय सुविधा, गरिमा और मानसिक सुकून मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से प्रवेश द्वार के पास सुरक्षित, साफ और आसानी से पहुंच योग्य पार्किंग ज़ोन तैयार किए गए हैं, ताकि उन्हें अनावश्यक थकान या असहजता का सामना न करना पड़े।




# संगरूर में तहसीलदार रिश्वत लेते गिरफ्तार

## 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए अधिकारी, घर से 1.45 लाख रुपए नकद बरामद

**समर न्यूज | संगरूर**

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत संगरूर जिले में तैनात तहसीलदार जगतार सिंह को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राज्य में भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रुख दिखाने के मकसद से की गई। आरोपी के घर की तलाशी के दौरान 1 लाख 45 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। साथ ही, विजिलेंस ने बताया कि मामले में आरोपी तहसीलदार का सह-आरोपी क्लर्क मालविंदर सिंह को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता संगरूर जिले के गांव महिलां का निवासी है। उसने बताया कि उसने अपनी खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसीलदार जगतार सिंह और क्लर्क मालविंदर सिंह से संपर्क किया। आरोप है कि दोनों अधिकारियों ने इस काम के लिए शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की और इस रकम को स्वीकार कर लिया।

शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ने तुरंत जांच शुरू की और पाया कि आरोप पूरी तरह से सत्य हैं। इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की गई।

विजिलेंस की टीम ने आरोपी तहसीलदार के घर की तलाशी के दौरान कुल 1 लाख 45 हजार रुपए नकद बरामद किए। इसके अलावा, कुछ दस्तावेज और अन्य संदिग्ध सामग्री भी जब्त की गई है, जिनकी जांच जारी है। प्रवक्ता ने बताया कि बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और सख्त दंड का रास्ता साफ किया गया है।

विजिलेंस ब्यूरो ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी से रिश्वत की मांग की जानकारी मिलती है, तो तुरंत सूचित करें। ब्यूरो ने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार, भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी कीमत पर जनता के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा। विजिलेंस ने यह भी जानकारी दी कि आरोपी क्लर्क मालविंदर सिंह फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम सक्रिय है। इसके अलावा, मामले में अन्य संभावित सहयोगियों और गवाहों की पहचान की जा रही है।

जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी तहसीलदार और क्लर्क ने पहले भी किसी अन्य शिकायतकर्ताओं से रिश्वत ली थी या नहीं। विजिलेंस प्रवक्ता ने साफ कहा कि राज्य सरकार की नीति है कि भ्रष्टाचार के किसी भी मामले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में आरोपी अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

पंजाब विजिलेंस ने इस कार्रवाई के माध्यम से जनता को यह संदेश दिया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए पूरी तरह गंभीर है। अधिकारियों को याद दिलाया गया है कि किसी भी हालत में रिश्वत लेना या गैरकानूनी तरीके से कार्य करना राज्य की नीति के खिलाफ है और इसके लिए सख्त दंड का प्रावधान है।

### पंजाब पुलिस का बड़ा एक्शन

# टारगेट किलिंग में शामिल 9 अपराधी काबू

**समर न्यूज | पटियाला**



पंजाब पुलिस ने ऑर्गेनाइज्ड क्राइम और गंभीर अपराधों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पटियाला में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपियों पर हत्या, टारगेट किलिंग और फिरौती जैसी गंभीर वारदातों में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से कुल नौ पिस्टल (32 बोर) और एक PX5 पिस्टल (30 बोर) बरामद की हैं। शुरुआती जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी एक संगठित अपराध नेटवर्क का हिस्सा हैं और वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने बताया कि मामला गंभीर है और इनकी पूरी गतिविधियों की जांच की जा रही है। डीजीपी पंजाब ने सोशल मीडिया पर भी इस कार्रवाई की जानकारी दी और कहा कि आरोपी सक्रिय रूप से गंभीर अपराध की योजना बना रहे थे, जिसे रोकने के लिए यह ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। अभी तक गिरफ्तारी में शामिल सभी आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि आगे की जांच में इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाकर पूरी सच्चाई सामने लायी जाएगी।

एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस का कहना है कि आगे और भी गिरफ्तारी संभव हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई राज्य में बढ़ते संगठित अपराध और टारगेट किलिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एक कड़ा संदेश है। इस अभियान के तहत पकड़े गए हथियार और आरोपियों की जानकारी मीडिया के जरिए साझा कर जनता को आश्वस्त किया गया है कि पंजाब में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और किसी भी तरह के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पंजाब सरकार की वर्ष 2026 की डायरी और कैलेंडर जारी

**समर न्यूज | तरनतारन**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज अपने सरकारी आवास पर वर्ष 2026 के लिए पंजाब सरकार की आधिकारिक डायरी और कैलेंडर जारी किया, जो सरकार के दैनिक कार्यकलापों की जानकारी देने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थागत प्रकाशन है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि कैलेंडर और डायरी का लेआउट डिज़ाइन सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा तैयार किया गया है तथा नियंत्रक मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग द्वारा इसका मुद्रण किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, सचिव सूचना एवं लोक संपर्क रामवीर सिंह, निदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विमल सेतिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नकदी रहित सेहत बीमा योजना शुरू करने के लिए किया समझौता

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने प्रदेश के सभी नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा देने के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के साथ समझौता किया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 15 जनवरी 2026 को योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में कोई आय सीमा नहीं होगी और सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों सहित सभी परिवारों को लाभ मिलेगा। 824 सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

### समलैंगिक रिश्ता: विवाह की ख्वाहिश

# तरनतारन में शादी से पहले युवती को सहेली लेकर फरार

**समर न्यूज | तरनतारन**

पंजाब के तरनतारन जिले से एक अनोखा और चर्चा में आने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी से ठीक पहले एक युवती को उसकी सहेली कथित तौर पर भगा ले गई। दोनों युवतियों ने यह स्पष्ट किया है कि वे आपस में विवाह करना चाहती हैं। इस घटना के बाद युवती के परिजनों ने पुलिस से न्याय की मांग की है। मामला तरनतारन के मोहल्ला मुरादपुरा का है। जानकारी के अनुसार, लखविंदर कौर नामक युवती की शादी 14 जनवरी को तय थी। परिवार ने शादी की तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़ी थी और रिश्तेदारों को शादी के कार्ड भी वितरित कर दिए थे। लेकिन शादी से कुछ दिन पहले लखविंदर कौर अचानक लापता हो गई। परिवार का आरोप है कि लखविंदर कौर की सहेली सुनीता ने उसे अपने साथ भगा लिया।

परिजनों का कहना है कि सुनीता नहीं चाहती थी कि लखविंदर किसी और से शादी करे, बल्कि वह अपने साथ विवाह करना चाहती थी। परिवार ने बताया कि लखविंदर कौर और सुनीता ने नौवीं से बारहवीं कक्षा तक एक साथ पढ़ाई की है और इसी दौरान दोनों के बीच गहरा रिश्ता बन गया था। परिवार के अनुसार, दोनों युवतियां बालिग हैं, लेकिन इसके बावजूद इस घटना ने परिजनों को चिंतित कर दिया है और वे युवती की सुरक्षा को लेकर बेहद परेशान हैं। घटना के बाद परिजनों ने तरनतारन पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और युवती को सुरक्षित लौटाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और सामाजिक, कानूनी व सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी लोगों के बीच बहस छिड़ गई है।

# धार्मिक यात्रा पर जा रहे तीन सगे भाइयों की दर्दनाक मौत

## नया साल मनाने मंदिर जा रहे चार दोस्तों की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर







**समर न्यूज | गढ़शंकर**

गढ़शंकर के श्री आनंदपुर साहिब मार्ग पर एक सड़क हादसे में तीन सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सुबह करीब साढ़े तीन बजे हुआ, जब चार दोस्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर नया वर्ष मनाने के लिए माता नैना देवी मंदिर में माथा टेकने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, मृतक रिंकू (30), धर्मेंद्र (28) और लखविंदर (15) थे। उनके साथ अंशु (16) नाम का दोस्त भी था। जैसे ही वे गांव बोड़ा के पास पहुंचे, किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके कारण रिंकू, धर्मेंद्र और लखविंदर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंशु गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत सिविल अस्पताल गढ़शंकर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे लुधियाना के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से मृतकों के शव और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल गढ़शंकर भेज दिया। मृतक लखविंदर के पिता राजेश कुमार ने बताया कि रिंकू और धर्मेंद्र उनके सौतेले बेटे थे, जबकि लखविंदर उनका सगा बेटा था। रिंकू की सगाई चल रही थी और धर्मेंद्र व लखविंदर अविवाहित थे। राजेश कुमार ने कहा, तीनों की एक साथ मौत से हमारा घर ही उजड़ गया। एसएचओ गढ़शंकर इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह सेखों ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। अज्ञात वाहन और चालक को जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

# गोइंदवाल साहिब सेंट्रल जेल में सक्रिय सर्च ऑपरेशन

**समर न्यूज | तरनतारन**

सेंट्रल जेल गोइंदवाल साहिब में मोबाइल फोन, ड्रग्स और अन्य अवैध सामान बरामद होने का सिलसिला लगातार जारी है। जेल प्रशासन द्वारा किए गए ताज़ा सर्च ऑपरेशन में अलग-अलग स्थानों से 33 मोबाइल फोन, 13 सिम, एक डेटा केबल और 2 एडॉप्टर बरामद किए गए। गोइंदवाल साहिब के DSP अतुल सोनी ने बताया कि यह सफलता जेल के असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट मनजीत सिंह और केवल सिंह की देखरेख में चलाए गए ऑपरेशन के दौरान मिली।

उन्होंने बताया कि बरामद किए गए मोबाइल फोन में की-पैड और टच फोन दोनों शामिल हैं। बरामद सामान के संबंध में गोइंदवाल साहिब थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव नगर कीर्तन

**समर न्यूज | जालंधर**



दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर जालंधर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। नगर कीर्तन में पूरे श्रद्धा भाव के साथ श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे शीश नवाया और धार्मिक माहौल को उत्सवमय बना दिया। नगर कीर्तन की शुरुआत सुबह गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मोहल्ला गोविंदगढ़ से अरदास के साथ हुई। नगर कीर्तन की अगुआई पंज प्यारों ने की, और उनके पीछे फूलों से सजी पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी विराजमान थे। श्रद्धालुओं ने पूरे रास्ते में पालकी साहिब को माथा टेका और 'वाहेगुरु' के जयकारों से वातावरण भक्तिभावपूर्ण बना दिया। नगर कीर्तन में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं सहित हजारों लोगों ने भाग लिया। रागी जत्थों ने गुरु इतिहास का कीर्तन किया और स्कूली बच्चों, बैंड पार्टियों व निहंग सिंहों ने अपनी कला और पारंपरिक शस्त्र विद्या का प्रदर्शन किया। नगर कीर्तन के मार्ग में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए पकवान और जलपान उपलब्ध कराए गए। नगर कीर्तन के दौरान शहर के 22 चौक सहित कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने पहले से रूट प्लान तैयार कर सुरक्षा और यातायात नियंत्रण सुनिश्चित किया, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

# अमृतसर पहुंचे कीकू, कुलचों का लिया स्वाद

## केबीसी में अमिताभ बच्चन के साथ दिखेंगे, फैंस के साथ फोटो सेशन भी किया

**समर न्यूज | अमृतसर**



जाने-माने टीवी कलाकार और कॉमेडियन कीकू शारदा अपने परिवार के साथ शुक्रवार को अमृतसर पहुंचे। यहां उन्होंने पंजाब की संस्कृति, गर्मजोशी और मशहूर पंजाबी खाने का भरपूर आनंद लिया। कीकू ने अमृतसर के प्रसिद्ध कुलचों का स्वाद चखा, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

कीकू शारदा भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री का एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'द कपिल शर्मा शो' से मिली, जिसमें उनके अलग-अलग किरदार दर्शकों को खूब हंसाते रहे। खासकर उनका किरदार 'बच्चा यादव' आज भी लोगों के बीच बेहद प्रिय है।

मीडिया से बातचीत में कीकू शारदा ने बताया कि आज रात प्रसारित होने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति' के फाइनल एपिसोड में वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नेटफ्लिक्स पर 'द कपिल शर्मा शो' का चौथा सीजन जारी है और इसके बाद वह कपिल शर्मा के शो में अपने नए किरदारों से दर्शकों को हंसाते रहेंगे। कीकू शारदा ने बताया कि अमृतसर प्रवास के दौरान वह श्री दरबार साहिब में माथा टेकने भी जाएंगे और आशीर्वाद लेंगे। अमृतसर दौरे के दौरान कीकू शारदा बेहद सादगी भरे अंदाज में नजर आए। उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और कुलचों, चने और लस्सी का आनंद लिया। फैंस ने सोशल मीडिया पर उनके इस देसी अंदाज की खूब तारीफ की और उन्हें पंजाब की मिट्टी से जुड़ा कलाकार बताया।

# 7 साल की बच्ची के साथ पड़ोसी ने हैवानियत की सारी हदें की पार

**समर न्यूज | अबोहर**

थाना खुइयां सरवर क्षेत्र के एक गांव में नववर्ष के मौके पर बेहद ही शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाली मात्र 7 साल की मासूम बच्ची के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद बच्ची को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस ने मामले की गंभीर जांच शुरू कर दी है।

बच्ची की मां ने बताया कि बीते सांय उनकी बच्ची और अन्य बच्चे गली में पतंग उड़ाते हुए खेल रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला 45 वर्षीय व्यक्ति बच्ची को बहाने से अपने घर ले गया और उसके साथ घिनौनी हरकत की। जब बच्ची कुछ समय तक वापस नहीं आई, तो परिजन उसकी तलाश में निकले और पड़ोसियों से पता चला कि वह व्यक्ति उसे अपने घर ले गया था। बच्ची के शरीर पर कुछ निशान भी पाए गए, जिससे परिजन सकते में आ गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

थाना खुइयां सरवर प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि बच्ची को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कर मेडीकल करवाया गया। अस्पताल की महिला चिकित्सक डॉ. शिल्पा ने बच्ची का मेडिकल कर सैंपल जांच के लिए भेजा और रिपोर्ट संबंधित थाने को सौंपी गई।

थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की जा रही है और आरोपी को शीघ्र ही काबू में लाया जाएगा। इस मामले की विशेष जांच जिला फाजिलका की महिला इंस्पेक्टर ज्योति कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और बच्ची की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाएगा।

# रेलवे स्टेशन पर नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी

## अवारा कुत्तों ने बच्चे की एक टांग नोच डाली

**समर न्यूज | बठिंडा**

बठिंडा रेलवे स्टेशन के पास एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना छठी नंबर लाइन के पास पार्सल हाउस के पास हुई, जहां बच्चे का शव पड़ा था। जानकारी के अनुसार, बच्चे की एक टांग को अवारा कुत्तों ने नोच डाला। शव के पास महिला के कपड़े भी मिले हैं, जो इस मामले को और भी गंभीर बना रहे हैं। मौके पर तुरंत जीआरपी और आरपीएफ पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बठिंडा के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां आगे की जांच और पहचान की प्रक्रिया जारी है। सहारा नवजवान वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य संदीप गिल ने बताया कि उन्हें सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा, "यह अत्यंत दुखद घटना है। पुलिस और प्रशासन से उम्मीद है कि वे जल्दी से जल्दी बच्चे के माता-पिता तक पहुंचकर न्याय सुनिश्चित करेंगे।" पुलिस का कहना है कि नवजात शिशु की पहचान और माता-पिता की तलाश जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किसने बच्चे को ठंड में छोड़ दिया। घटनास्थल के साक्ष्यों और शव के पास मिले कपड़ों की जांच के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना स्थानीय लोगों में चिंता और आक्रोश का विषय बनी हुई है। प्रशासन और पुलिस की गहन जांच के बाद ही इस दुखद मामले में दोषियों को पकड़कर न्याय दिलाया जा सकेगा।

**बैठक** 25 विभागों के साथ मंत्री डॉ. बलजीत कौर की अहम बैठक

# एससी भाईचारे की भलाई के लिए सब-प्लान की समीक्षा

**समर न्यूज | चंडीगढ़**



डॉ. बलजीत कौर। - समर न्यूज

पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने राज्य में अनुसूचित जातियों की सामाजिक-आर्थिक भलाई के लिए लागू किए जा रहे अनुसूचित जाति सब-प्लान की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक के दौरान एससी सब-प्लान के तहत योजनाएं लागू कर रहे लगभग 25 विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डॉ. बलजीत कौर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा एससी सब-प्लान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं के लिए निर्धारित राशि अभी तक खर्च नहीं हुई है, उनकी उपयोगिता में तेजी लाई जाए और राशि तुरंत जारी करवाई जाए, ताकि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक लोगों तक पहुंच सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि एससी सब-प्लान के तहत आरक्षित राशि का उपयोग केवल अनुसूचित जाति समुदाय की भलाई के लिए ही किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत उपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा कवर किए जा रहे लाभार्थियों और गांवों की विस्तृत सूची सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग को उपलब्ध करवाएं, ताकि आरक्षित फंड का सही, पारदर्शी और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. बलजीत कौर ने विभागों को अनुसूचित जाति समुदाय की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नई, जन-हितैषी और अभिनव योजनाएं तैयार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अनुसूचित जातियों के समग्र विकास, सशक्तिकरण और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। मंत्री ने एससी सब-प्लान की प्रगति की निरंतर समीक्षा के लिए जल्द ही पुनः ऐसी बैठक आयोजित करने की बात भी कही, ताकि अनुसूचित जातियों से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक सुचारू, समयबद्ध और प्रभावी बनाया जा सके। इस बैठक में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास प्रताप, एससी सब-प्लान के नोडल विभाग सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग के प्रमुख सचिव वीके मीना, निदेशक-सह-अतिरिक्त सचिव विम्मी भुल्लर, अनुसंधान अधिकारी डॉ. लिवप्रीत कौर तथा कमलजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

# पटियाला में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**समर न्यूज | पटियाला**

विदेश भेजने के बहाने लाखों रुपये की ठगी का एक चौंकाने वाला मामला पटियाला में सामने आया है। शिकायतकर्ता हरलाभ सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी बहू सिमरनप्रीत कौर ने शादी के बाद बेटे इंद्रजीत सिंह और परिवार को धोखा दिया। शादी के बाद बहू ने ऑस्ट्रेलिया बुलाकर धमकाया और संबंध तोड़ लिए। हरलाभ सिंह ने बताया कि उनके बेटे इंद्रजीत सिंह का विवाह अगस्त 2018 में सिमरनप्रीत कौर से हुआ था। शादी के बाद उन्हें बहू को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए लगभग 22 लाख रुपये खर्च करने पड़े। इस दौरान परिवार ने अपनी करीब डेढ़ एकड़ जमीन तक बेच दी। हरलाभ सिंह का आरोप है कि सिमरनप्रीत कौर ने पहले खुद को कुंवारी बताकर पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट हासिल किया और तथ्यों को छुपाकर विवाह किया। शादी के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर इंद्रजीत सिंह को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और बहू व उसके परिवार ने सोने-चांदी और कीमती सामान अपने पास रख लिए। हरलाभ सिंह ने बताया कि उनका बेटा दसवीं पास है और अंग्रेजी भाषा में कमजोर होने के कारण ऑस्ट्रेलिया में कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहा है। कोविड काल में भी बहू ने किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया। पटियाला पुलिस ने सिमरनप्रीत कौर, उसकी मां और ताया को नामजद किया है, लेकिन उनकी गिरफ्तारी अभी बाकी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द आरोपितों को गिरफ्तार करने की तैयारी में है। पीड़ित पिता ने मांग की है कि आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## मैं बोलूंगा तो...

### पुलिस बनाम पब्लिक - "कैमरा राज" का कमाल



*पंजाब की सड़कों पर आजकल एक नया खेल शुरू हो गया है - "स्पॉट द कैमरा!" जो इसे पहले खोज ले, वही बजट में रह पाए। कहीं झाड़ी के पीछे, कहीं ढाबे के कोने में, और कहीं तो लगता है जैसे कैमरा खुद शर्म के मारे छिप गया हो - क्योंकि बोर्ड तो कहीं दिखता नहीं!*

*वर्दी में पुलिस अब शायद छुट्टी पर है, और बिन वर्दी वाले 'कैमरा कमांडो' ड्यूटी पर। देखने में लगेंगे जैसे कोई Netflix की थ्रिलर सीरीज़ "सीक्रेट स्पीडर्स" की शूटिंग चल रही हो। फर्क बस इतना है कि यहाँ हर एपिसोड का बजट जनता की जेब से निकलता है!*

*सवाल उठता है - अगर सड़क पर स्पीड लिमिट का बोर्ड नहीं है, तो जनता जाने कहाँ से जाने कि कितना दौड़ना 'कानूनी' है और कब सांस लेना 'ग़ैरक़ानूनी'? लेकिन छोड़िए, यहाँ कानून भी VIP दर्शन देता है - जो बड़े लोग हैं, वो 120 पर भागें तो सुरक्षा एस्कॉर्ट; आम जनता अगर 85 पर चली, तो 'स्पॉट फाइन' और डंडे की लाइन। वाह री समानता!*

*और ये जो बिना वर्दी के चालान बनाने वाले महानुभाव हैं, इन्हें देखकर लगता है जैसे अगला मिशन है - "कैमरा लगाओ, जनता भगाओ।" न नेम प्लेट, न बेल्ट नंबर, बस कैमरा थामे मुस्कराते से खड़े। जनता परेशान कि ये पुलिस है, ठेकेदार है, या फिर किसी शादी के प्री-वेडिंग शूट का हिस्सा!*

*अगर वाक़ई हादसे रोकने हैं तो हर 10 किलोमीटर पर बोर्ड लगाना कौन-सा एवरेस्ट चढ़ना है? लेकिन नहीं - यहाँ तो नियम वहीं मिलेगा जहाँ चालान पहले से लिखा हो। जरा सोचिए, सड़क पर कानून अदृश्य है, पर जुर्माना बहुत दृश्य!*

*तो अगली बार जब आप हाइवे पर निकलें और कैमरा दिखे, तो मुस्कराइए मत - वो आपकी फोटो क्लिक नहीं कर रहा, आपकी इनकम टैक्स फाइल अपडेट कर रहा है।*

## चंडीगढ़ में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बुजुर्गों से करोड़ों की साइबर ठगी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**




चंडीगढ़ में "डिजिटल अरेस्ट" के नाम पर हो रही साइबर ठगी के मामलों में बुजुर्गों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। यूनियन टेरिटरी पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 और 2025 के दौरान सामने आए टॉप 10 डिजिटल अरेस्ट ठगी मामलों में से आठ मामलों में पीड़ितों की उम्र 70 वर्ष से अधिक थी।

इन पीड़ितों की आयु 71 से 89 वर्ष के बीच रही, जबकि शेष दो मामलों में पीड़ितों की उम्र 57 और 53 वर्ष थी। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि साइबर अपराधी वरिष्ठ नागरिकों को आसान शिकार मान रहे हैं।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इन 10 मामलों में ठगी की राशि करोड़ों रुपये तक पहुंच गई। सबसे अधिक नुकसान 82 वर्षीय एक बुजुर्ग को हुआ, जिनसे करीब 23.41 करोड़ रुपये की ठगी की गई, जबकि 80 वर्षीय एक अन्य पीड़ित से 3.45 करोड़ रुपये ऐंठे गए। कुछ मामलों में पुलिस और साइबर सेल द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए बैंक खातों में जमा लाखों रुपये की राशि होल्ड भी कराई गई, हालांकि कई मामलों में पूरी रकम निकाल ली गई थी।

चंडीगढ़ साइबर क्राइम सेल के डीएसपी ए. वेंकटेश ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट से जुड़े घोटाले अब पहले से कहीं अधिक संगठित और परिष्कृत हो चुके हैं।

अपराधी केवल एक कॉल पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि फर्जी दस्तावेजों, कई नकली अधिकारियों और लंबे समय तक मानसिक दबाव बनाने की रणनीति अपनाते हैं। ठग खुद को पुलिस, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), ट्राई या वित्तीय खुफिया एजेंसियों का अधिकारी बताकर पीड़ितों को डराते हैं और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में गिरफ्तारी की धमकी देते हैं।

बुजुर्गों से करोड़ों की साइबर ठगी हाल ही में सामने आए एक मामले में 75 वर्षीय दंपति को एक महीने तक डिजिटल निगरानी में रखा गया। ठगों ने खुद को सतर्कता विभाग का अधिकारी बताकर फर्जी जांच की कहानी रची और 'प्रायोरिटी इनोसेंस वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट' दिलाने के नाम पर बड़ी रकम वसूल ली।

इसी तरह एक अन्य मामले में सेना के सेवानिवृत्त कर्नल और उनकी पत्नी से ईडी अधिकारी बनकर ठगों ने करीब 3.4 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। नवंबर में सामने आए एक और मामले में 73 वर्षीय बुजुर्ग को मुंबई के कोलाबा थाने में दर्ज फर्जी केस दिखाकर वीडियो कॉल पर नकली अदालत का दृश्य दिखाया गया और 52 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। ठगों ने पीड़ित को लगातार वीडियो निगरानी में रखने की धमकी भी दी।

पुलिस ने लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, को सतर्क रहने की सलाह दी है। किसी भी सरकारी अधिकारी के नाम से आने वाले कॉल की पुष्टि किए बिना जानकारी साझा न करें। ओटीपी, पिन, सीवीवी या लॉगिन डिटेल किसी को न दें और डर या दबाव में कोई निर्णय न लें। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने से धन की रिकवरी की संभावना बढ़ जाती है।

### कैब यात्रियों के लिए नई सुविधा

## सेम जेंडर ड्राइवर चुनने का विकल्प मिलेगा



**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

कैब से यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने मोटर व्हीकल एग्रीगेटर्स गाइडलाइंस, 2025 में अहम बदलाव किए हैं। इसके तहत जल्द ही ओला, उबर और रैपिडो जैसे कैब ऐप्स पर यात्रियों को सेम जेंडर यानी समान लिंग का ड्राइवर चुनने का विकल्प मिलेगा, जिससे खासतौर पर महिला यात्रियों को फीमेल ड्राइवर के साथ यात्रा करने की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा ट्रिप पूरी होने के बाद यात्री ड्राइवर को टिप दे सकेंगे और इस टिप की पूरी राशि बिना किसी कटौती के सीधे ड्राइवर को ही मिलेगी।

नोटिफिकेशन में नियमों की कोई स्पष्ट प्रभावी तारीख नहीं दी गई है, इसलिए इन्हें जारी होने की तारीख से लागू माना जा रहा है। ये गाइडलाइंस केंद्र सरकार की हैं, जिन्हें राज्य सरकारें अपनी लाइसेंसिंग प्रक्रिया में शामिल करेंगी और कैब कंपनियों को अपने ऐप में जरूरी बदलाव करने होंगे, अन्यथा लाइसेंस पर कार्रवाई हो सकती है। हालांकि इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि देश में महिला कैब ड्राइवरों की संख्या 5 प्रतिशत से भी कम होने के कारण इस नियम को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और खासकर रात के समय बुकिंग में वेटिंग टाइम बढ़ सकता है।

## ITC शेयरों में भारी गिरावट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सरकार द्वारा तंबाकू और सिगरेट उत्पादों पर नई एक्साइज ड्यूटी लगाने के फैसले के बाद ITC के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिल रही है। जनवरी की शुरुआत में ITC का शेयर करीब 5 फीसदी टूटकर 345 के आसपास आ गया, जो इसका 52 हफ्तों का निचला स्तर है। इससे पहले के कारोबारी सत्र में भी शेयर में लगभग 10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इस गिरावट के चलते कंपनी के मार्केट कैपिटलाइजेशन में करीब 18,104 करोड़ की कमी आई है। वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि 1 फरवरी से सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों पर नई एक्साइज ड्यूटी लागू होगी, जो मौजूदा 40 फीसदी GST के अतिरिक्त होगी। सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 सिगरेट पर 2,050 से 8,500 तक टैक्स लगाया जाएगा। इससे ITC जैसी कंपनियों पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। बीते एक साल में ITC का शेयर लगभग 25 फीसदी गिर चुका है।

## जीमेल यूजर्स को बड़ी राहत, बिना नया अकाउंट बनाए बदलेगा ईमेल एड्रेस

### गूगल का बड़ा अपडेट जल्द; पुराना जीमेल रहेगा एक्टिव, नया एड्रेस मिलेगा

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दुनिया के सबसे लोकप्रिय ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल (Gmail) के करोड़ों यूजर्स के लिए बड़ी खुशखबरी है। गूगल जल्द ही ऐसा फीचर लॉन्च करने जा रहा है, जिसका इंतजार यूजर्स पिछले करीब दो दशकों से कर रहे थे। इस नए अपडेट के तहत अब यूजर्स अपना पुराना या प्रोफेशनल न लगने वाला @gmail.com ईमेल एड्रेस बदल सकेंगे, वह भी बिना नया अकाउंट बनाए और बिना किसी डेटा को खोए। गूगल के एक सपोर्ट पेज पर इस फीचर से जुड़ी जानकारी सामने आई है। अभी तक नियम यह था कि एक बार बनाया गया जीमेल एड्रेस बदला नहीं जा सकता था और नया एड्रेस पाने के लिए यूजर्स को नया अकाउंट बनाकर कॉन्टैक्ट्स, फोटो और ड्राइव फाइल्स मैन्युअली ट्रांसफर करनी पड़ती थीं।



नए फीचर के तहत पुराना ईमेल एड्रेस पूरी तरह बंद नहीं होगा, बल्कि वह 'एलियस' के रूप में अकाउंट से जुड़ा रहेगा। यानी पुराने एड्रेस पर आने वाले सभी ईमेल भी नए इनबॉक्स में ही पहुंचेंगे। यूजर पुराने और नए, दोनों एड्रेस से लॉग-इन कर सकेंगे। गूगल ने इसके साथ कुछ सीमाएं भी तय की हैं। एक यूजर साल में केवल एक बार ही अपना जीमेल एड्रेस बदल सकेगा। वहीं, पूरे लाइफटाइम में अधिकतम तीन बार एड्रेस बदलने की अनुमति होगी। इस तरह एक अकाउंट से कुल चार ईमेल एड्रेस (एक मूल और तीन बदले हुए) जुड़े रहेंगे।

### भारत में पहले रोलआउट की संभावना

**इस फीचर की जानकारी सबसे पहले गूगल के हिंदी सपोर्ट पेज पर देखी गई है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इसकी टेस्टिंग या शुरुआती रोलआउट भारत से हो सकता है। हालांकि गूगल की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक वैश्विक घोषणा नहीं की गई है। सपोर्ट पेज पर इसे 'धीरे-धीरे रोलआउट' करने की बात कही गई है। सोशल मीडिया पर यूज़र्स इस अपडेट को लेकर उत्साहित हैं। कई लोगों का कहना है कि उन्होंने स्कूल या कॉलेज के समय बनाए गए अनौपचारिक नामों वाले ईमेल एड्रेस अब प्रोफेशनल जीवन में असहज लगते हैं। इस फीचर से वे बिना डेटा खोए अपनी डिजिटल पहचान अपडेट कर सकेंगे।**

### स्कूल अकाउंट्स पर अलग नियम

**यह सुविधा फिलहाल केवल पर्सनल @gmail.com अकाउंट्स के लिए बताई जा रही है। ऑफिस, स्कूल या संगठन द्वारा दिए गए ईमेल एड्रेस (जैसे name@company.com) को बदलने के लिए यूज़र्स को अपने एडमिनिस्ट्रेटर से संपर्क करना होगा। पर्सनल जीमेल यूज़र्स 'माय अकाउंट' सेक्शन में जाकर यह बदलाव कर सकेंगे।**

## 79 हजार करोड़ की रक्षा खरीद को मंजूरी, सेना की ताकत में जबरदस्त इजाफा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय सशस्त्र बलों की युद्ध क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने करीब 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद और अपग्रेड प्रस्तावों को मंजूरी दी है। यह फैसला सेना, वायुसेना और नौसेना की ऑपरेशनल क्षमता बढ़ाने के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। इससे पुराने टैंक और हेलीकॉप्टरों को नया जीवन मिलेगा, जबकि आधुनिक हथियार प्रणालियों से युद्ध की क्षमता में बड़ा सुधार होगा।




इन मंजूरियों के तहत पुराने हथियारों के उन्नयन, अत्याधुनिक प्रणालियों की खरीद और स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। करीब 200 टी-90 टैंकों का स्वदेशी तकनीक से मिड-लाइफ अपग्रेड और ओवरहॉल किया जाएगा, जिसे डिफेंस पब्लिक सेक्टर यूनिट अंजाम देगी। इससे टैंकों की उम्र बढ़ेगी और युद्धक्षेत्र में उनकी मारक क्षमता में इजाफा होगा।

इसके अलावा मीडियम लिफ्ट एमआई-17 हेलीकॉप्टरों का भी मिड-लाइफ अपग्रेड किया जाएगा, जिससे उनकी ऑपरेशनल तैयारियों और भरोसेमंदी में सुधार आएगा। आधुनिक युद्ध जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लोइटरिंग मुनिशन यानी सुसाइड ड्रोन की खरीद को भी हरी झंडी दी गई है, जो दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम हैं। आज तक ने लिखा है कि नौसेना और वायुसेना के लिए मीडियम रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइलों की खरीद से हवाई और समुद्री सुरक्षा और मजबूत होगी। वहीं, वायुसेना के लिए 200 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली अस्त्रा मार्क -2 एयर-टू-एयर मिसाइलों के विकास और खरीद को मंजूरी दी गई है। कुछ मेटिओर मिसाइलें भी खरीदी जाएंगी।

डीएसी की बैठक में 120 किलोमीटर रेंज वाली नई पिनाका रॉकेट प्रणाली के विकास को भी मंजूरी दी गई है, जिन्हें मौजूदा लॉन्चरों से ही दागा जा सकेगा। साथ ही हवाई रिफ्यूलिंग टैंकर और एडब्ल्यूएसीएस सिस्टम की खरीद से जुड़े आरएफपी में बदलाव को भी स्वीकृति मिली है, जिससे लंबी दूरी के हवाई अभियानों की क्षमता बढ़ेगी।

इसके अलावा अमेरिका से दो MQ-9B हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस सी गार्जियन ड्रोन तीन साल के लिए लीज पर लेने का फैसला जल्द लिया जाएगा। भारत पहले ही 31 ऐसे ड्रोन खरीदने का समझौता कर चुका है, जिनकी आपूर्ति 2028 से शुरू होगी। डीएसी की इस अहम बैठक में रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे।

### केंद्रीकृत डिजिटल हथियार डेटाबेस लॉन्च

## हथियारों की रीयल टाइम ट्रैकिंग होगी संभव

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश में आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई को तकनीकी मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश का पहला केंद्रीकृत डिजिटल हथियार डेटाबेस लॉन्च किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एंटी-टेरर कॉन्फ्रेंस के दौरान शुरू किए गए इस सिस्टम से अब हथियारों की मूवमेंट पर रीयल टाइम निगरानी संभव हो सकेगी।



इस डेटाबेस का आधिकारिक नाम 'लॉस्ट, लूटेड एंड रिकवर्ड फायरआर्म्स' रखा गया है। इसके तहत देशभर में चोरी, लूट, गुमशुदगी और बरामद किए गए सभी हथियारों का एक साझा और केंद्रीकृत रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। हर हथियार की पहचान उसके सीरियल नंबर, मॉडल, कैलिबर और बरामदगी की लोकेशन के आधार पर होगी।

### इसकी खासियत

**यह केवल डेटा स्टोरेज नहीं, बल्कि एक उन्नत एनालिटिक्स-आधारित डिजिटल सिस्टम है। किसी भी अपराध में हथियार के सामने आते ही उसकी पूरी पिछली हिस्ट्री तुरंत सामने आ जाएगी। एक राज्य में दर्ज जानकारी देशभर के थानों को रियल टाइम में दिखाई देगी, जिससे अंतरराज्यीय अपराधों पर लगाम लगेगी। इस डेटाबेस से राज्य पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स को सबसे अधिक फायदा होगा। साथ ही केंद्रीय सशस्त्र बल, सीमा सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां हथियारों की मूवमेंट व संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत अलर्ट हासिल कर सकेंगी।**

## Good DAY

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



आज का दिन नई उम्मीदों, सकारात्मक सोच और सक्रियता के साथ आगे बढ़ने का अवसर लेकर आया है। सुबह की शुरुआत के साथ ही लोगों में अपने कार्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने का उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रशासनिक, सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में आज महत्वपूर्ण गतिविधियों के संचालन की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किया गया प्रयास सफलता की दिशा में मजबूत कदम साबित होता है। आज के दिन नागरिकों से अपील की जाती है कि वे आपसी सौहार्द बनाए रखें और अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से जुड़े क्षेत्रों में आज नई पहल और योजनाओं पर चर्चा हो सकती है। मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे दैनिक गतिविधियों में कोई बड़ी बाधा नहीं आएगी। समाचार कक्ष की ओर से सभी दर्शकों और पाठकों को शुभ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि आज का दिन आपके जीवन में सुख, शांति और प्रगति लेकर आए।

*-इशिता गर्ग, इंफ्लूएंसर*

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### भाजपा ने वर्ष 2025 का समापन मजबूत चुनावी प्रदर्शन के साथ किया

## भाजपा के लिए 2026 की अग्निपरीक्षा : उत्तर में पकड़, दक्षिण में चुनौती

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वर्ष 2025 का समापन मजबूत चुनावी प्रदर्शन के साथ किया। साल की शुरुआत दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत से हुई और अंत बिहार में "डबल इंजन सरकार" के लिए भारी जनादेश के साथ। संगठन के भीतर भी अनुशासन और एकजुटता बनी रही, जबकि विपक्ष लगातार आपसी मतभेदों से जूझता दिखा।

लेकिन 2026 भाजपा के लिए सिर्फ एक और चुनावी साल नहीं, बल्कि उसकी संगठनात्मक क्षमता, वैचारिक विस्तार और दीर्घकालिक प्रभुत्व की वास्तविक परीक्षा साबित होने वाला है। यह साल 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी की दिशा और दशा तय करेगा।

2026 की शुरुआत में ही महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों में स्थानीय निकाय चुनाव होंगे। भले ही ये चुनाव लोकतांत्रिक ढांचे में नीचे माने जाते हों, लेकिन राजनीतिक प्रतिष्ठा के लिहाज से बेहद अहम हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। साथ ही राज्यसभा की 75 सीटों और कई विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी होने हैं।

**पश्चिम बंगाल : बड़ा सपना, कठिन राह**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बयानों से साफ है कि भाजपा का लक्ष्य 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करना है। पिछले एक दशक में भाजपा ने यहां उल्लेखनीय बढ़त बनाई है और कांग्रेस व वाम दलों की जगह मुख्य विपक्ष के रूप में खुद को स्थापित किया है। हालांकि नेतृत्व को लेकर असमंजस, संगठनात्मक चुनौतियां और मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी हिस्सेदारी भाजपा के लिए बड़ी बाधा बनी हुई है।

**असम : सत्ता विरोधी लहर की आहट**

असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में है, लेकिन पांच साल बाद सरकार को एंटी-इनकंबेंसी, जातीय तनाव और शासन से जुड़े सवालों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने "घुसपैठ" और पहचान के मुद्दों को चुनावी रणनीति के केंद्र में रखा है, जिससे राजनीतिक माहौल और तेज हो सकता है।

**दक्षिण भारतः सबसे बड़ी चुनौती**

तमिलनाडु और केरल भाजपा के लिए सबसे कठिन क्षेत्र बने हुए हैं। तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति के कारण भाजपा का वोट शेयर सीमित रहा है, जबकि केरल में पार्टी अभी भी एक मजबूत जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। पुडुचेरी में बेहतर प्रदर्शन भाजपा के दक्षिणी नैरेटिव को मजबूती दे सकता है।

**राज्यसभा और नेतृत्व परिवर्तन**

2026 में राज्यसभा की 75 सीटों का खाली होना भाजपा के लिए विधायी एजेंडे के लिहाज से बेहद अहम है। वहीं, संगठन में युवा नेतृत्व को आगे लाने के संकेत भी मिल रहे हैं, जिससे भविष्य की रणनीति साफ झलकती है।

कुल मिलाकर, 2026 भाजपा के लिए केवल चुनावी परीक्षा नहीं, बल्कि यह तय करेगा कि क्या पार्टी अपनी मौजूदा ताकत को लंबे समय तक टिकाऊ प्रभुत्व में बदल पाएगी या नहीं। यह साल भाजपा की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित करने वाला साबित हो सकता है।

समर एक्सप्रेस



# रेलवे ट्रैक पर रील बनाना पड़ा भारी, झज्जर में जीजा-साले की ट्रेन से कटकर हुई मौत

## युवक के शव को समेटने में लगा पांच घंटे का समय, पुलिस ने स्टंट करने से बचने की अपील की

**समर न्यूज़ | झज्जर**

हरियाणा के झज्जर जिले में एक दर्दनाक हादसे में रेलवे ट्रैक पर मोबाइल रील बना रहे दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दोनों युवक आपस में जीजा-साले थे और दिल्ली सीमा के पास बहादुरगढ़ क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर वीडियो शूट कर रहे थे।

इसी दौरान बरेली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राहुल (20) और रोहित (21) निवासी चंपारण, बिहार के रूप में हुई है। राहुल, रोहित के बड़े भाई का साला था।

रोहित टीकरी बॉर्डर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर सैलून चलाता था,


ट्रैक पर पड़ा युवक का शव। - समर न्यूज़

जबकि राहुल हाल ही में बहादुरगढ़ आया था और उसी के साथ सैलून के काम में हाथ बंटा रहा था। राहुल कुछ दिन पहले ही अपनी बहन की शादी कराकर लौटा था और 27 दिसंबर को बहादुरगढ़ पहुंचा था। जांच अधिकारी राजेश मुदगिल के अनुसार, बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे दोनों युवक खाली समय में रेलवे ट्रैक पर रील बनाने के लिए गए थे। इसी दौरान बरेली एक्सप्रेस ट्रेन वहां पहुंच गई। ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण दोनों को संभलने का मौका नहीं मिला और वे उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक काफी दूर जा गिरे।

सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक, एक युवक के शव के हिस्से काफी दूर तक बिखर गए थे, जिन्हें समेटने में पुलिस को करीब पांच घंटे का समय लगा। देर रात तक टॉर्च की रोशनी में शव के हिस्से एकत्र किए गए। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए।

पोस्टमॉर्टम के दौरान शव की शिनाख्त कपड़ों और निजी सामान के आधार पर की गई, जिसे देखकर परिजन बेहद व्यथित हो गए। जांच अधिकारी ने बताया कि ट्रेन चालक से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोबाइल से रील बना रहे थे।

उन्होंने कहा कि रील बनाने का बढ़ता चलन युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। दिसंबर महीने में भी रेलवे ट्रैक पर रील बनाने के दौरान दो युवकों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे इस तरह के खतरनाक स्टंट से दूर रहें।

## महम वार्ड 14 में युवक ने सल्फास निगलकर की आत्महत्या

**समर न्यूज़ | रोहतक**

महम क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 में एक युवक द्वारा सल्फास (जहरीली गोली) निगलने से मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान भारत (25) निवासी सिंगला खास, जिला हिसार के रूप में हुई है, जो वर्तमान में वार्ड 14 महम में रह रहा था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, युवक की करीब चार से पांच महीने पहले प्रदेश की एक युवती से शादी हुई थी। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ महम में रह रहा था। परिजनों के मुताबिक, घर में सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन रात के समय युवक ने अचानक सल्फास का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर ने एक्टिवा को मारी टक्कर

**समर न्यूज़ | यमुनानगर**

शहर के न्यू मार्केट स्थित महावीर चौक के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार और ओवरलोड ट्रैक्टर ने एक्टिवा सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा कई मीटर तक ट्रैक्टर के साथ घसीटती चली गई। गनीमत यह रही कि एक्टिवा चालक की जान बच गई, हालांकि उसे हल्की चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एक्टिवा सवार अपने काम से लौटकर घर जा रहा था। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार में आ रहे एक ओवरलोड ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक ने न तो वाहन रोका और न ही घायल की मदद की, बल्कि ट्रैक्टर को सड़क के बीचो-बीच छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए


हादसे में क्षतिग्रस्त एक्टिवा। - समर न्यूज़

यातायात भी बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल एक्टिवा चालक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घायल युवक को प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी सुभाष ने बताया कि ट्रैक्टर काफी तेज रफ्तार में था और उस पर जरूरत से ज्यादा सामान लदा हुआ था। उन्होंने कहा कि यदि एक्टिवा सवार थोड़ा भी संभल नहीं पाता, तो हादसा जानलेवा साबित हो सकता था।

# बलात्कार पीड़िता से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र

## राव नरेंद्र ने ऐसे मामलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट के तहत तुरंत कार्रवाई की मांग की

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने फरीदाबाद पहुंचकर बलात्कार पीड़िता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार से ऐसे मामलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट के तहत तुरंत कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने पीड़िता को उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग की। राव नरेंद्र ने फरीदाबाद की घटना को अमानवीय और जघन्य बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि कोई महिला अगर लिफ्ट मांगती है तो उसके साथ इस तरह की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि कानून व्यवस्था को


कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

इस तरह सख्त बनाया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई कराने की मांग की। साथ ही कहा कि आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया जाना चाहिए, जिससे उनके हौसले पूरी तरह से पस्त हो सकें। राव नरेंद्र ने बताया कि पीड़िता इस समय अचेत अवस्था में है और बातचीत करने की स्थिति में नहीं है। उसके चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान हैं, जो घटना की भयावहता को दर्शाते हैं। इस मौके पर फरीदाबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक, पृथला विधानसभा से कांग्रेस विधायक रघुवीर तेवतिया, एनआईटी विधानसभा से पूर्व कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा सहित जिले के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## बड़ौली गांव में युवक की चाकू मारकर हत्या

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**

जिले के बड़ौली गांव में देर रात एक दर्दनाक वारदात हुई, जिसमें युवक रिजवान की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, रिजवान कबाड़ का काम करता था और वह वीरवार रात मीट लेने के लिए घर से निकला था। लेकिन सुबह तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, तो उसका शव गांव के बाहर पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शरीर पर कई चाकू के निशान देखे, जिससे हत्या की आशंका पुख्ता हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। घटना की जांच के दौरान परिजनों ने आरोपी के रूप में रिजवान के साथी बलबीर चंदीला पर संदेह जताया। पुलिस ने बलबीर चंदीला के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल पर लाठी-डंडों से हमला

## मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, दो आरोपी गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

हरियाणा के गुरुग्राम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर-14 के प्रिंसिपल विक्रम यादव पर हुए हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह कुछ बाहरी युवकों ने उनकी कार को रोककर लाठी-डंडों से हमला किया। इस घटना के बाद स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें एक नाबालिग और दूसरा सुंदर (37 वर्ष) शामिल है। प्रिंसिपल विक्रम यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब चार दिन पहले दोपहर के समय स्कूल के मुख्य द्वार के बाहर कुछ बाहरी असामाजिक तत्वों ने स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के साथ झगड़ा और मारपीट की थी। उस समय स्थिति को किसी तरह शांत करा दिया


सीसीटीवी फुटेज में कार को रोकता हुआ युवक। - समर न्यूज़

गया था। लेकिन शाम को करीब 4:25 बजे जब वे स्कूल से अपनी कार में घर लौट रहे थे, तभी स्कूल गेट के बाहर पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उनकी गाड़ी को रुकने का इशारा किया। शिकायत के अनुसार, जैसे ही उन्होंने ब्रेक लगाया, हमलावरों ने अचानक लाठी-डंडों से गाड़ी पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए।

हमले में कार का अगला शीशा टूट गया, जिससे कांच के टुकड़े प्रिंसिपल के चेहरे और आंखों पर लगे। हालात की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत गाड़ी छोड़ दी और जान बचाने के लिए स्कूल परिसर के भीतर भागे। इस दौरान बीच-बचाव करने आए स्कूल के एक सुरक्षाकर्मी पर भी हमलावरों ने डंडों से हमला किया, जिसमें वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग और उसके साथी सुंदर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुंदर मूल रूप से गांव भगवतीपुर, लाखनमाजरा, रोहतक का रहने वाला है और वर्तमान में राजीव नगर में रह रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी सुंदर ने बताया कि वह ऑनलाइन टेलीविजन बेचने और रिपेयरिंग का काम करता है। उसका भतीजा सेक्टर-14 के केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता है। किसी बात को लेकर उसके भतीजे का स्कूल में सहपाठियों से विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने दूसरे भतीजे और उसके दोस्तों के साथ मिलकर प्रिंसिपल पर हमला किया और उनकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। घटना के बाद स्कूल प्रशासन और अभिभावकों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

# सात दुकानों और दो मंदिरों के दानपात्रों की चोरी

**समर न्यूज़ | रेवाड़ी**

जिले के बावल थाना क्षेत्र में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी। चोरों ने नांगल तेजू बस अड्डे सहित तीन अलग-अलग स्थानों पर स्थित सात दुकानों और दो मंदिरों के दानपात्रों के ताले तोड़कर चोरी की।

इस घटना ने स्थानीय दुकानदारों और श्रद्धालुओं में भारी चिंता पैदा कर दी है और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, चोरों ने रात के समय बस अड्डे और रघुनाथपुरा के पास सात दुकानों के ताले तोड़कर करीब ढाई लाख रुपए के सामान और नकदी पर हाथ साफ किया। इसके अलावा ढाणी अहीर स्थित शिव मंदिरों के दानपात्रों को भी निशाना बनाया गया, जिनसे लगभग 4 हजार रुपए की नकदी चोरी हो गई।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। - समर न्यूज़

पूरी वारदात का वीडियो सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। फुटेज में तीन नकाबपोश चोर साफ दिख रहे हैं। एक चोर कपड़े की दुकान में घुसकर अपने पुराने कपड़े उतारकर नए कपड़े पहनकर फरार होते हुए देखा गया। वारदात की सूचना मिलते ही बावल थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। उनका आरोप है कि पुलिस को गश्त बढ़ाकर ऐसे मामलों को रोकने की तत्काल आवश्यकता है।

# हरियाणा में पुलिस कांस्टेबल भर्ती शुरू, आवेदन 11 से शुरू

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने पुलिस कांस्टेबल के 5,500 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें 4,500 पुरुष और 600 महिला कांस्टेबल के साथ हरियाणा रेलवे पुलिस के 400 पद शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया 11 जनवरी से शुरू होगी और 25 जनवरी रात 11:59 बजे तक चलेगी, जबकि आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं है। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह के अनुसार यह भर्ती सीईटी (संयुक्त पात्रता परीक्षा) के दूसरे चरण के तहत हो रही है। न्यूनतम योग्यता 12वीं पास है, और 10वीं तक हिंदी व संस्कृत का ज्ञान अनिवार्य है। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष है, जबकि पूर्व सैनिकों को नियमानुसार छूट मिलेगी। बीसी, ईडब्ल्यूएस और अनुसूचित जाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्र की अंतिम तिथियां भी तय की गई हैं। शारीरिक मापदंड में पुरुषों के लिए लंबाई 170 सेमी (आरक्षित 168 सेमी), महिलाओं के लिए सामान्य 158 सेमी (आरक्षित 156 सेमी) रखी गई है। छाती का फुलाव न्यूनतम 4 सेमी होना चाहिए। दौड़ में पुरुषों को 2.5 किमी 12 मिनट में, महिलाओं को 1 किमी 6 मिनट में और पूर्व सैनिकों को 1 किमी 5 मिनट में पूरी करनी होगी। शारीरिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों को ज्ञान परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। हिम्मत सिंह ने स्पष्ट किया कि आवेदन के बाद करेक्शन पोर्टल नहीं खोला जाएगा। इसके अलावा, हरियाणा लोक सेवा आयोग ने प्रदेश के 8 विभागों में 282 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें भंडारण, विकास एवं पंचायत, फोरेंसिक साइंस लैब, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, HSIIDC, पशुपालन एवं डेयरी विभाग सहित विभिन्न ग्रुप A और B के पद शामिल हैं।

### अंबाला कैंट में गैंगवार से दहशत

# किसान के घर फायरिंग; बाल-बाल बची जान

**समर न्यूज़ | अंबाला कैंट**

अंबाला कैंट क्षेत्र के टुंडला गांव में गुरुवार देर रात गैंगवार और पुरानी रंजिश के चलते भारी तनाव फैल गया। भूप्पी राणा गैंग से जुड़े अमन सोनकर के करीब एक दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने एक किसान के घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने किसान पर पिस्टल से फायरिंग की, हालांकि वह फुर्ती दिखाकर बाल-बाल बच गया। पंजोखरा थाना पुलिस को दी शिकायत में टुंडला निवासी रणधीर सिंह ने बताया कि 1 जनवरी की रात करीब 10:30 बजे अमन सोनकर का फोन आया था। अमन ने आरोप लगाया कि गांव के एक युवक काडी ने उसके लड़के का बैग उठा लिया है। रणधीर ने मामले को आमने-सामने बैठकर सुलझाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन अमन ने अपने गुर्गों को भेज दिया।


घर के बाहर खड़ी पुलिस की कार। - समर न्यूज़

शिकायत के अनुसार, चार बाइक और तीन एक्टिवा पर सवार होकर आए सत्यम, शिवम, मोनू, आकाश, राजू सहित अन्य बदमाशों ने आते ही झगड़ा शुरू कर दिया। इसी दौरान आरोपी सत्यम ने पिस्टल निकालकर रणधीर पर गोली चला दी। सौभाग्य से गोली नहीं लगी और रणधीर की जान बच गई। हमलावर लगातार उत्पात मचाते रहे। जान बचाने के लिए रणधीर और उसके साथियों ने घर में रखी कांच की बोतलें बदमाशों पर फेंकीं, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। भागते समय बदमाश अपनी एक एक्टिवा और कथित बैग वहीं छोड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पंजोखरा थाना पुलिस के साथ सीआईए-1 और सीआईए-2 की टीमें मौके पर पहुंचीं और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने सत्यम, शिवम, मोनू समेत पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। गांव के पूर्व सरपंच बिल्लू ने घटना पर कड़ा रोष जताते हुए कहा कि बदमाश अब गांवों में घुसकर तांडव कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा चूक को लेकर परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज और एसपी अंबाला से जल्द मुलाकात करने की बात कही। थाना प्रभारी जय सिंह ने बताया कि आपसी झगड़े के बाद आरोपी सत्यम ने गोली चलाई है। पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**समीक्षा** सीएम सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के साथ जिलाअधिकारायों के साथ की बैठक

# समाधान शिविरों में कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्रदेशभर के जिलाधिकारियों के साथ समाधान शिविरों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से लंबित और बार-बार री-ओपन होने वाली शिकायतों पर फोकस किया और अधिकारियों को संबंधित समस्याओं का कारण जानकर उन्हें शीघ्र हल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लोहारू उपमंडल के गांव बिसलवास और अहमदवास में बिजली पोल शिफ्ट करने से जुड़ी समस्याओं का दूसरा ही दिन समाधान करने पर डीसी साहिल गुप्ता और स्थानीय प्रशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तुरंत निवारण होना चाहिए और अधिकारियों को सीएम विंडो पोर्टल


वीसी के जरिए जिलाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री। - समर न्यूज़

रोज चेक करते हुए शिकायतों को अंडरटेक करने की आवश्यकता है। डीसी साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी शिकायतों का सत्यापन करें और एटीआर (Action Taken Report) स्वयं स्पष्ट रूप से भरें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान से संबंधित फोटो संलग्न करना सुनिश्चित करें ताकि वही समस्या दोबारा री-ओपन न हो। उन्होंने यह भी जोर दिया कि विशेष रूप से री-ओपन और लंबित मामलों की सीधी समीक्षा चंडीगढ़ मुख्यालय से की जाती है। बैठक में जिलाधिकारियों को नई ऊर्जा के साथ कार्य करने और काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सलाह दी गई।

अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सावधानीपूर्वक कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को शिकायतों की पूरी जानकारी होनी चाहिए और प्राप्त होते ही कार्रवाई शुरू करनी चाहिए। शिकायतों को विभागों के बीच भेजकर न टालें, बल्कि आपसी तालमेल और सहयोग के साथ समाधान सुनिश्चित करें। इस समीक्षा बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हरियाणा में जनता की समस्याओं का समय पर समाधान हो और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे।

# ठंड में मजदूरों पर पड़ रही दोहरी मार

## काम की तलाश में खुले आसमान के नीचे गुजर रहा दिन

**समर न्यूज़ | अंबाला**

इन दिनों ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। कड़ाके की सर्दी और सुबह-शाम चल रही ठंडी हवाओं के बीच सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों को उठानी पड़ रही है।

खुले आसमान के नीचे बैठकर काम की तलाश में जुटे मजदूरों को न सिर्फ ठंड से जूझना पड़ रहा है, बल्कि काम न मिलने की चिंता भी उन्हें लगातार सता रही है। तेजी से गिरते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ठंड से बचाव के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में लोग आग सेकते नजर आ रहे हैं। वहीं, काम की उम्मीद में सुबह से ही चौक-चौराहों पर जमा मजदूर ठंड में ठिठुरते दिखाई दे रहे हैं।

मजदूरों का कहना है कि वे रोज सुबह करीब 8 बजे काम की


आग जलाकर हाथ सेंकते हुए मजदूर। - समर न्यूज़

तलाश में पहुंच जाते हैं, लेकिन पूरा दिन इंतजार करने के बाद भी कई बार उन्हें कोई काम नहीं मिल पाता।

मजदूरों ने बताया कि खुले आसमान के नीचे बैठने से ठंड का असर और बढ़ जाता है। ठंड से बचने के लिए वे आग का सहारा लेते हैं, लेकिन तेज ठंडी हवा के चलते उसका भी ज्यादा फायदा नहीं मिल पाता। हालांकि मजदूर गर्म कपड़े पहनकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तापमान में आई भारी गिरावट के कारण गर्म कपड़े भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। दिहाड़ी मजदूरों ने चिंता जताते हुए कहा कि एक तरफ कड़ाके की ठंड की मार है तो दूसरी तरफ काम न मिलने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। रोजी-रोटी की इस जद्दोजहद में ठंड उनके लिए दोहरी परेशानी बनकर

## मॉडल टाउन में अनियंत्रित थार खंभे से टकराई, ट्रांसफार्मर गिरा

**फतेहाबाद** | मॉडल टाउन में दोपहर को अनियंत्रित थार बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में थार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में चालक से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और खंभे से जा टकराई। चालक शेखर का कहना है कि ब्रेक की जगह रेस पर पैर रखा गया और इससे गाड़ी अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। घटना की सूचना मिलने पर बिजली निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तुरंत सप्लाई बंद करवाई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एमएम कॉलेज की तरफ से पपीहा पार्क की तरफ स्कूटी लेकर युवक जा रहा था, इस दौरान दूसरी तरफ से आई थार के चालक ने मोड़ पर ब्रेक लगाने की जगह रेस पर पैर रख दिया और खंभे से जा टकराई।

# बीपीएल नियमों पर भाजपा का सरकार पर हमला, गरीब विरोधी नीति का लगाया आरोप

## सरकार गरीबों को योजनाओं से बाहर करने की तैयारी कर रहीः डॉ. राजीव बिंदल

समर न्यूज़ | शिमला



हिमाचल प्रदेश में बीपीएल सूची को लेकर प्रस्तावित बदलावों पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि सरकार गरीबों को योजनाओं से बाहर करने की तैयारी कर रही है।

उन्होंने कहा कि बीपीएल के नए नियम लागू होने से बड़ी संख्या में पात्र परिवार सूची से बाहर हो सकते हैं, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों को नुकसान होगा। डॉ. बिंदल ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार की नीतियों से आम आदमी, गरीब और मध्यम वर्ग पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। अब बीपीएल के मापदंडों में बदलाव कर सरकार गरीब परिवारों की सहायता में कटौती करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इसे प्रशासनिक सुधार के बजाय गरीब विरोधी कदम करार दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार "व्यवस्था परिवर्तन" की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके उलट हैं। उनके अनुसार गरीबों और ग्रामीणों के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की ग्रामीण रोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार इन्हें लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है।

डॉ. बिंदल ने मनरेगा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने समय पर अपना अंशदान नहीं दिया, जिससे मजदूरों और ग्रामीण परिवारों को परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस विफलता का दोष केंद्र पर डालती रही है।इसके अलावा उन्होंने आपदा राहत को लेकर भी राज्य सरकार पर सवाल खड़े किए। भाजपा नेता का कहना है कि केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए करोड़ों रुपये की सहायता दी, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं हो पाया। उन्होंने दावा किया कि राहत राशि जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रही और विकास कार्य प्रभावित हैं।

डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता, गरीबों और आपदा प्रभावित परिवारों के अधिकारों के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक विरोध दर्ज कराएगी।

### नए साल 2026 के साथ हिमाचल पर्यटन में नया जोश

# बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग ने लौटाई रौनक

समर न्यूज़ | धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश की सुरम्य वादियों में बसा बीड़-बिलिंग नए साल के आगमन के साथ फिर से जीवंत हो उठा है। हालिया हादसों के बाद थमे पर्यटन के पन्नों में अब उत्साह और उमंग की नई कहानी लिखी जा रही है। विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग साइट पर नववर्ष के पहले ही दिन यात्रियों और साहसिक खेल प्रेमियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

**आस्था और सुरक्षा का संगम**

उड़ानों की शुरुआत से पहले टेक-ऑफ पॉइंट पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। स्थानीय पायलटों ने मां सत्यवादनी के चरणों में माथा टेककर सुरक्षित उड़ानों की कामना की। प्रशासन ने भी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पायलटों और उपकरणों की कागजी कार्रवाई और जांच को अनिवार्य कर दिया है। एसडीएम संकल्प गौतम के अनुसार, अब बिना अनुमोदन किसी को भी हवा में उड़ान भरने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

नववर्ष 2026 के पहले ही दिन 300 से अधिक टेंडम फ्लाइट्स ने आसमान की सैर कराई। क्षेत्र के होटल, गेस्ट हाउस और होम-स्टे लगभग 80% तक बुक रहे। लैंडिंग साइट तक वाहनों की लंबी कतारें इस बात का संकेत थीं कि पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बीड़ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश अबरोल ने कहा कि लंबे समय बाद घाटी में ऐसा उत्साह लौटा है। आने वाले दिनों में यदि बिलिंग और राजगुंधा की पहाड़ियों पर बर्फ गिरती है, तो पर्यटकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। सुरक्षा और श्रद्धा के इस मेल ने बीड़-बिलिंग पर्यटन को नई दिशा दी है।

# फोरलेन निर्माण से पूर्व सैनिक का घर संकट में

## चार किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचना पड़ रहा घर : सैनिक तिलक राज

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़





मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के टांडू पंचायत अंतर्गत मेहड गांव के एक पूर्व सैनिक के जीवन को संकट में डाल दिया है। निर्माण कार्य के दौरान की गई भारी कटिंग के कारण भूतपूर्व सैनिक तिलक राज का दो मंजिला मकान पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि मकान के कभी भी गिरने का खतरा बना हुआ है, वहीं अपने ही घर तक पहुंचने का रास्ता भी पूरी तरह खत्म हो गया है। प्रभावित पूर्व सैनिक तिलक राज ने बताया कि जब मंडी–पठानकोट नेशनल हाईवे के फोरलेन निर्माण का कार्य एनएचएआई द्वारा एक निजी कंपनी को सौंपा गया, तो कंपनी के कर्मचारियों ने बिना उचित सुरक्षा उपायों के पहाड़ी की अत्यधिक कटिंग कर दी। इसके चलते उनके मकान के नीचे की जमीन धंस गई और आसपास का पूरा क्षेत्र असुरक्षित हो गया। मकान तक जाने वाली सीढ़ियां और आंगन का डंगा अब हवा में लटक गया है, जिससे घर में प्रवेश करना लगभग नामुमकिन हो गया है।तिलक राज का कहना है कि मौजूदा हालात में उन्हें अपने ही घर तक पहुंचने के लिए करीब चार किलोमीटर पैदल रास्ता तय करना पड़ रहा है। उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर एनएचएआई, जिला उपायुक्त और एसडीएम कार्यालय में कई बार पत्राचार किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। न तो उनके मकान को अधिग्रहित किया जा रहा है और न ही सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूर्व सैनिक ने दुख जताते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं भारतीय सेना में रहकर देश की सेवा की है और उनका बेटा भी वर्तमान में सेना में तैनात है। इसके बावजूद उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा, जो बेहद पीड़ादायक है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन और एनएचएआई ने संज्ञान नहीं लिया, तो आगामी बरसात में या उससे पहले उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे जान-माल का बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। तिलक राज ने मीडिया के माध्यम से प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन और एनएचएआई से गुहार लगाई है कि या तो उनके पूरे मकान को फोरलेन परियोजना में अधिग्रहित किया जाए या फिर उनके घर के चारों ओर मजबूत सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाए, ताकि मकान को गिरने से बचाया जा सके। फिलहाल पीड़ित परिवार समाधान की आस में हर चौखट पर हाजिरी लगा रहा है, लेकिन अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं।

### ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत, उपलब्धि को अपने संघर्ष की जीत बताया

# 78 साल बाद तुम्मन गांव तक पहुंची पहली बस

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़





मंडी जिले के करसोग उपमंडल के अंतर्गत आने वाली दुर्गम ग्राम पंचायत तुम्मन के लिए यह दिन ऐतिहासिक बन गया, जब आजादी के 78 वर्षों बाद पहली बार गांव तक बस सेवा पहुंची। सड़क और सार्वजनिक परिवहन सुविधा से वर्षों से वंचित रहे इस गांव में जैसे ही हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस पहुंची, ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बस और परिवहन कर्मियों का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया और इस उपलब्धि को अपने संघर्ष की जीत बताया।

जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर को आनी बस अड्डे से एचआरटीसी की बस संख्या एचपी-06ए-3688 को ट्रायल के लिए तुम्मन गांव तक लाया गया। बस का संचालन चालक हरि सिंह और परिचालक मीणा राम ने किया। बस के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने स्वागत समारोह का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर करसोग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी महेश राज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ एसडीएम करसोग गौरव महाजन, एचआरटीसी आनी बस अड्डा प्रभारी संदीप कुमार तथा परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत तुम्मन के प्रधान ख्याल चंद ने बताया कि गांव के लोग वर्षों से बस सेवा की मांग करते आ रहे थे। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण ग्रामीणों को पैदल या निजी साधनों से लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। बस सेवा शुरू होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने सफल ट्रायल के बाद जल्द से जल्द नियमित बस सेवा शुरू करने की मांग सरकार और विभाग से की। वहीं आनी बस अड्डा प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि तुम्मन गांव आनी बस अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित है। ट्रायल सफल रहा है, हालांकि मार्ग पर कुछ स्थानों पर अभी सड़क कटिंग का कार्य जारी है। यह कार्य पूरा होते ही निर्धारित बस रूट का प्रस्ताव शिमला स्थित मंडलीय कार्यालय को भेजा जाएगा। वहां से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद इस रूट पर नियमित बस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही यह सपना पूरी तरह साकार होगा और उनका गांव परिवहन के मुख्य नेटवर्क से जुड़ सकेगा।

### गोहर स्कूल में हुई छात्रों मारपीट मामला

# छात्रों से मारपीट में एट्रोसिटी एक्ट की धाराएं जोड़ीं

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़




मंडी जिला के गोहर उपमंडल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर में छात्रों के साथ हुई मारपीट के मामले ने अब गंभीर कानूनी रूप ले लिया है। बीती 30 दिसंबर को स्कूल परिसर में बच्चों के साथ कथित रूप से की गई मारपीट और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के आरोपों के बाद पुलिस ने इस मामले में अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की धाराएं भी जोड़ दी हैं। इस संबंध में पीड़ित छात्रों के अभिभावकों ने एसडीएम गोहर को लिखित शिकायत सौंपी थी। शिकायत में अभिभावक राकेश कुमार, अमरी देवी, हरि सिंह और किशोरी लाल ने आरोप लगाया कि स्कूल परिसर में बाहरी लोगों द्वारा बच्चों के साथ मारपीट की गई और इस दौरान उन्हें जातिसूचक शब्द कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। अभिभावकों की इसी शिकायत के आधार पर गोहर थाना पुलिस ने मामले में एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई को शामिल किया है। बताया जा रहा है कि 30 दिसंबर को कुछ बाहरी लोग स्कूल में अपने बच्चों से मिलने के बहाने आए थे। स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, बुद्धि सिंह, नरेंद्र कुमार, समीर और सुनील कुमार नामक चार व्यक्तियों ने स्कूल परिसर में मौजूद छात्रों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

## अटल टनल में तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

समर न्यूज़ | कल्लु

रोहतांग के पास स्थित विश्व प्रसिद्ध अटल टनल गुरुवार शाम उस समय चर्चा में आ गई, जब सुरंग के भीतर एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार के कारण हुए इस हादसे में चार वाहन आपस में टकरा गए, जिससे कुछ देर के लिए टनल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरंग के भीतर एक कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और आगे चल रहे वाहन से जा टकराई। यह टक्कर इतनी तेज थी कि पीछे से आ रहे अन्य वाहन भी इसकी चपेट में आ गए। देखते ही देखते यह टक्कर एक के बाद एक होती चली गई और कुल चार वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में वाहनों के आगे और पीछे के हिस्सों को काफी नुकसान पहुंचा है।

# तीमारदारों के लिए कमरों व डॉरमेट्री की सुविधा शुरू

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़



नववर्ष के अवसर पर श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नेरचौक में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए बड़ी राहत भरी पहल की गई है। अब इलाज के दौरान तीमारदारों को रात में ठहरने के लिए न तो अस्पताल के गलियारों में सोना पड़ेगा और न ही बाहर महंगे किराये के कमरे तलाशने होंगे। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कॉलेज परिसर में ही कमरों और डॉरमेट्री की सुविधा शुरू कर दी है। इस नई सुविधा का विधिवत शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीके वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन दूर-दराज़ क्षेत्रों से हजारों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। मरीजों के भर्ती होने के बाद उनके साथ आए परिजनों को रात्रि ठहराव में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था शुरू की गई है। नई सुविधा के तहत तीमारदारों के लिए कुल 8 कमरे उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि डॉरमेट्री में 32 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। कमरों का किराया 500 और 700 रुपये निर्धारित किया गया है, वहीं डॉरमेट्री में प्रति बिस्तर 200 रुपये शुल्क रखा गया है। यह सुविधा किफायती होने के साथ-साथ सुरक्षित और सुविधाजनक भी है।

डॉ. डीके वर्मा ने कहा कि तीमारदारों को अब अस्पताल परिसर में ही ठहरने की सुविधा मिलेगी, जिससे वे मरीजों की बेहतर देखभाल कर सकेंगे। इससे न केवल तीमारदारों को राहत मिलेगी, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली भी अधिक सुव्यवस्थित होगी।कॉलेज प्रशासन ने तीमारदारों को सुविधा की जानकारी देने के लिए परिसर के विभिन्न स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाए हैं। इसके अलावा, बुकिंग और जानकारी के लिए 80918-60963 मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है।

अस्पताल में मौजूद तीमारदारों ने इस पहल की सराहना की है। तीमारदार पप्पू शर्मा ने कहा कि पहले यहां ठहरने की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब इस सुविधा से कई लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### डैम की जद में आ रहीं बिजली लाइनें

# 5.39 करोड़ का प्लान तैयार

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज़



जिले में बन रहे धौलासिद्ध प्रोजेक्ट के डैम की जद में आने वाले बिजली बोर्ड के बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए बोर्ड ने 5 करोड़ 39 लाख रुपए का प्रस्ताव परियोजना प्रबंधन को भेजा है। प्रस्ताव मंजूर होने और राशि मिलने के बाद बिजली बोर्ड अपनी लाइनें और डीटीआर को डैम के पानी से सुरक्षित दूसरी जगह शिफ्ट करेगा।

धौलासिद्ध प्रोजेक्ट एसजेवीएनएल के माध्यम से ग्राम पंचायत जीहण में ब्यास नदी पर चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत बड़े स्तर का डैम बनाया जा रहा है। टनल के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था की गई है, लेकिन भविष्य में जब डैम का जलस्तर बढ़ेगा तो 33 केवी और 11 केवी की बिजली लाइनें, एलटी लाइनें और करीब 20 डीटीआर डैम की चपेट में आ जाएंगी।

बिजली बोर्ड ने इस समस्या का समाधान निकालने के लिए लाइनों और डीटीआर को दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना तैयार की है। इसके लिए एसजेवीएनएल से आवश्यक बजट मांगा गया है। प्रस्ताव के अनुसार कुल 5 करोड़ 39 लाख रुपए की राशि फर्म को भेजी जाएगी, जिसके बाद निर्माण और शिफ्टिंग का कार्य शुरू किया जाएगा।

बिजली बोर्ड हमीरपुर के अधीक्षण अभियंता ई. आशीष कपूर ने बताया कि प्रस्ताव में डैम के जलस्तर से बचाने के लिए पूरी प्रक्रिया का विवरण शामिल है।

**खिताब** | मिस्टर टीन आइकन इंडिया का जीता खिताब

# सुंदरनगर के आर्यन ठाकुर बने मोस्ट हैंडसम टीन

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़



मंडी जिले के सुंदरनगर शहर के 18 वर्षीय आर्यन ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'मिस्टर टीन आइकन इंडिया 2025' का खिताब जीत लिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता बीती 29 दिसंबर को नोएडा फिल्म सिटी में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से आए प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए आर्यन ने यह ताज अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्हें उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति और आत्मविश्वास के लिए 'बेस्ट पर्सनालिटी अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया।

कम उम्र में ही मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखने वाले आर्यन ठाकुर आज युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर उन्होंने बेहद कम समय में अपनी अलग पहचान बना ली है। आर्यन इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने मिस्टर एंड मिस नॉर्दर्न इंडिया प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप का खिताब जीता, वहीं "मोस्ट हैंडसम" का विशेष पुरस्कार भी उनके नाम रहा। इसके अलावा मिस्टर एंड मिस इंडिया एक्सॉटिक 2025 प्रतियोगिता में उन्होंने दूसरे उपविजेता का स्थान हासिल किया। आर्यन का कहना है कि उनका सपना मॉडलिंग और फैशन इंडस्ट्री में देश का नाम रोशन करना है। वह युवाओं को संदेश देते हैं कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता जरूर मिलती है। मॉडलिंग के साथ-साथ आर्यन ठाकुर खेल जगत में भी अपनी मजबूत पहचान रखते हैं। वह एक बेहतरीन फुटबॉल खिलाड़ी हैं और कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आर्यन अंडर-16 इंडिया कैंप में भाग ले चुके हैं,वहीं अंडर-17 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-20 प्रतियोगिता में वह शीर्ष गोल स्कोरर भी रहे। हाल ही में ऊना में आयोजित संतोष ट्रॉफी कैंप में भाग लेकर उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। आर्यन के पिता राजेश ठाकुर सुंदरनगर के जाने-माने फोटोग्राफर हैं और क्षेत्र में उनका प्रतिष्ठित फोटोग्राफी स्टूडियो है। वहीं उनकी माता मंजू ठाकुर ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आर्यन पूरे परिवार के सपनों को साकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि परिवार आर्यन को हर कदम पर पूरा सहयोग दे रहा है।

## हिमाचल में शीतलहर का अलर्ट, दिसंबर में छठी बार रिकॉर्ड कम बारिश

संजू। शिमला
समर न्यूज़

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गत 24 घंटों के दौरान हल्की बर्फबारी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, लंबी अवधि से जारी सूखे का क्रम टूटा है, लेकिन दिसंबर 2025 में केवल 1 मिमी बारिश दर्ज हुई, जो 1902 के बाद अब तक छठी बार सबसे कम रिकॉर्ड है। आगामी 6 जनवरी तक प्रदेश में मौसम शुष्क और साफ रहने की संभावना है, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आगामी दो दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण हल्की बारिश और बर्फबारी दर्ज की गई।

# व्यवस्था परिवर्तन के दावों पर सवालः जयराम

## क्रिटिकल हालत में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था

समर न्यूज़ | शिमला



शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांगड़ा की बिटिया पल्लवी की मौत बहुत दुःखद और पीड़ादायक है। इस मामले में पुलिस और प्रशासन की तरफ से बार-बार लापरवाही के आरोप लग रहे हैं जो व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना चाहिए। यह मामला एक बेटी के न्याय से जुड़ा हुआ है इसलिए इस मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए जिससे सारे तथ्य सामने आ सकें और पल्लवी को न्याय मिल सके। उन्होंने पल्लवी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

जयराम ठाकुर ने कहा की प्रदेश में लोगों की स्वास्थ्य व्यवस्था स्वयं ही बहुत क्रिटिकल हैं। माननीय उच्च न्यायालय की टिप्पणी की सरकार आउटसोर्स गर्मियों के भरोसे व्यवस्था को छोड़ कर प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है, अपने आप में हालात की गंभीरता बताने के लिए काफ़ी है। प्रदेश सरकार के मुखिया आये दिन स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर झूठ बोलते हैं लेकिन हकीकत ये है कि इलाज के अभाव में लोगों की जान मुसीबत में पड़ रही है। इसी हफ्ते रामपुर के कुहल पंचायत में एक महिला की दुःखद मृत्यु हुई क्योंकि वो खेत में काम करते हुए खाई में गिर गयी थी हैरानी की बात ये है कि जब उन्हें परिजन पीएचसी देवठी ले गए तो वहां पर डॉक्टर ही नहीं मिला इसी तरह पीएचसी तकलेच में भी डॉक्टर नहीं था कि प्राथमिक उपचार हो सके।

लोगों के जीवन से जुड़े मुद्दों को इतने में हल्के में लेना बहुत शर्मनाक बात है, लेकिन ये सरकार लोगों की जान से खेलने से बाज नहीं आ रही है। आये दिन सरकार की नाकामी और स्वास्थ्य व्यवस्था के क्रिटिकल होने की क़ीमत प्रदेश के लोग चुका रहे हैं

जयराम ठाकुर में कहा कि भारत ने जापान को पछाड़ते हुए दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई दूरदर्शी, सुधारोन्मुखी और विकासशील आर्थिक नीतियों का सशक्त प्रमाण है।

# मोहाली में हाईकोर्ट के पूर्व AAG की पत्नी की हत्या मामलाः नौकर नीरज निकला हत्या का मास्टरमाइंड

## पुलिस ने किया वारदात का खुलासा, पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कर रही छापेमारी

समर न्यूज | मोहाली

फेज-5 में स्थित मकान नंबर 1764 में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल कृष्ण कुमार गोयल की पत्नी अशोक की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने जांच में खुलासा किया है कि इस वारदात का मास्टरमाइंड घर का नौकर नीरज (25) था। नीरज ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके साथी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 11 बजे वारदात को अंजाम दिया गया। उस समय महिला घर में अकेली थी, क्योंकि उनके पति बेटी से मिलने मस्टक गए हुए थे। आरोपी ने पूरी योजना के तहत महिला का गला रस्सी से दबाकर हत्या कर दी और फिर कैश व गहने लेकर फरार हो गए। घर में नौकरानी जब मंगलवार सुबह आई, तो महिला का शव जमीन पर पड़ा मिला, जबकि नीरज को कुर्सी से बंधा और मुंह पर टेप लगाए हुए पाया गया। नीरज ने पुलिस को बताया कि उसके सिर पर भी वार किया गया था, लेकिन जांच में किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं मिले।


सीसटीवी कैमरे में जाते दिखे आरोपी। - समर न्यूज

इस विरोधाभास ने पुलिस का शक गहरा दिया और कड़ी पूछताछ के बाद नीरज टूट गया। उसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की है। जांच में यह भी सामने आया कि नीरज और उसके साथियों ने वारदात से पहले महिला के अकेले होने का फायदा उठाया। वारदात के बाद आरोपी ऑटो में बैठकर फेज-5 पीटीएल चौक और फेज-2 होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घर से आरोपी के साथी 40 तोले सोना और लगभग साढ़े 8 लाख रुपए कैश लेकर फरार हो गए हैं। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीमें छापेमारी कर रही हैं। संभावना जताई जा रही है कि दोनों फरार आरोपी भी उत्तराखंड के ही हैं। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी वारदात स्थल की ओर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

नौ साल से नीरज गोयल परिवार के घर में काम कर रहा था। पुलिस का कहना है कि दोनों साथी जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी दिलप्रीत ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस घटना ने मोहाली में सुरक्षा और घरेलू कर्मचारियों पर भरोसे के मुद्दे को भी उजागर कर दिया है।

# मनरेगा मजदूरों को काम नहीं दे पाई सरकारः शर्मा

समर न्यूज | डेराबस्सी

शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आप सरकार पिछले लगभग चार वर्षों में लाखों कमजोर, वंचित वर्गों, मजदूरों और दलित परिवारों को मनरेगा के तहत वैधानिक 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाने में असफल रही है।

एनके शर्मा ने कहा कि अकाली दल ने हमेशा ही कांग्रेस तथा आप सरकार के कार्यकाल के दौरान मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करने का काम किया है। शर्मा ने कहा कि जब केंद्र सरकार पंजाब के हर मजदूर के लिए 100 दिन के रोजगार की राशि भेजती है, तो राज्य सरकार मजदूरों को पूरा रोजगार क्यों नहीं देती।

उन्होंने आगे सवाल उठाया कि वर्ष 2024-25 में 6,095 ग्राम पंचायतों और 2025-26 में 7,389 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत अनिवार्य सोशल ऑडिट क्यों नहीं कराए गए। किसका भ्रष्टाचार छिपाया जा रहा है।


पार्टी कार्यकर्ता एनके शर्मा को सम्मानित करते हुए। - समर न्यूज

स्पेशल ऑडिट यूनिट द्वारा पकड़े गए 10,653 भ्रष्टाचार मामलों में अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई और दोषियों को क्यों बचाया जा रहा है। पंजाब सरकार अपने हिस्से का दस प्रतिशत देने में असमर्थ रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि मनरेगा मजदूर और उनके संगठन लगातार आम आदमी पार्टी के विधायकों, सांसदों और स्थानीय नेताओं पर भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप लगा रहे हैं। इसके बावजूद सरकार और मुख्यमंत्री द्वारा कार्रवाई न करना स्पष्ट करता है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार कर गरीबों के मुंह से आप नेताओं, विधायकों ने निवाला छीना गया है। शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पिछले चार वर्षों के भीतर हुए मनरेगा कार्यों की सोशल ऑडिट करवाकर रिपोर्ट सार्वजनिक करे।

## मनीमाजरा मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में हुई चोरी

समर न्यूज | चंडीगढ़

नए साल के अवसर पर शहरभर में नाकों पर सघन चेकिंग के बीच मनीमाजरा के मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी। अज्ञात चोरों ने फ्लैट नंबर 5266 के नीचे बनी गैरेज का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया। सीनियर सिटीजन सतेंद्र जैन ने बताया कि गैरेज में फर्नीचर और घरेलू सामान रखा हुआ था। चोरों ने पहले पूरा सामान बाहर निकालकर फिर लोहे की पेटी में रखी पीतल की वस्तुएं, पंखा, प्रेस और अन्य कीमती घरेलू सामान चोरी कर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मनीमाजरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

सतेंद्र जैन ने बताया कि चोरी के कुछ समय बाद एक अन्य ब्लॉक में वही चोर रेहड़ी लेकर चोरी की फिराक में था। लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी रेहड़ी छोड़कर भाग गया। बाद में पुलिस को रेहड़ी सौंप दी गई।

# 296 ग्राम हेरोइन के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

समर न्यूज | पंचकूला

नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चला रही पंचकूला पुलिस ने नए साल की शुरुआत में ही एक बड़ी सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच ने 1 जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 296.92 ग्राम हेरोइन के साथ अंतरराज्यीय तस्कर विजय कुमार को गिरफ्तार किया। हेरोइन की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 12 लाख रुपये है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपी हरिद्वार का मूल निवासी है और मोहाली में ठिकाना बनाकर ट्राइसिटी में नशा तस्करी करता था। उसे अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि नशा कहां से आया और किन लोगों तक सप्लाई होना था।

वर्ष 2025 में पंचकूला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए 124 मामले दर्ज कर 255 तस्करों को गिरफ्तार किया। इस दौरान लगभग 246 किलो चूरा


पुलिस अधिकारी जानकारी देते हुए। - समर न्यूज

पोस्त, 13 किलो से अधिक अफीम, 1.93 किलो हेरोइन, 17 किलो से अधिक चरस और 20,410 नशीली गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने न केवल तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की, बल्कि नशा पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास पर भी ध्यान दिया। नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत 551 गांवों और कॉलोनियों में 27,235 लोगों से संवाद किया गया। 2,736 नशा पीड़ितों का उपचार शुरू कराया गया और 132 लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती किया गया। साथ ही पुलिस ने तस्करों की अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों पर भी कार्रवाई की। वर्ष 2025 में छह तस्करों की अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया और चार की संपत्तियों को अटैच किया गया। करीब 6 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ हाईजीन फैक्ट्री में नष्ट किए गए।

वर्ष 2026 में पुलिस की रणनीति में कूरियर और ऑनलाइन नशा तस्करी पर पैनी नजर, पूरे ड्रग नेटवर्क को तोड़ने पर जोर और समाज की भागीदारी को शामिल किया गया है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि लक्ष्य केवल तस्करों को पकड़ना नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करना है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि ड्रग्स से जुड़ी किसी भी सूचना के लिए ड्रग इंफो हेल्पलाइन नंबर 7087081100, 7087081048 या मानस हेल्पलाइन 1933 पर संपर्क करें। उनकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

# चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव 29 जनवरी को होंगे

## चुनाव में हाथ उठाकर की जाएगी वोटिंग

समर न्यूज | चंडीगढ़

नगर निगम में साल 2026 के लिए मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों का चुनाव 29 जनवरी को होगा। इसी दिन मौजूदा मेयर हरप्रीत कौर बबला का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव ने चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते हुए यह जानकारी दी। इस बार चुनाव पार्षदों द्वारा हाथ उठाकर किया जाएगा, जबकि पहले यह गुप्त मतदान (सीक्रेट बैलेट) से होता था। उन्होंने निगम अधिकारियों को तैयारियों को पूरी तरह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नगर निगम में कुल 35 पार्षद हैं और मेयर चुनाव में चंडीगढ़ सांसद का वोट भी मान्य है। भाजपा के पास 18 पार्षद हैं, जबकि AAP के पास 11 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं। सांसद मनीष तिवारी का वोट भी विपक्ष के पक्ष में है। विशेष परिस्थिति में भाजपा को जीत के लिए या तो एक और पार्षद को अपने पक्ष में करना होगा या विपक्षी दल का कोई पार्षद अनुपस्थित होने पर भाजपा 18 वोटों के बलबूते जीत सकती है। चुनाव के लिए नगर निगम हॉल में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और ऑब्जर्वर के बैठने की व्यवस्था बदली जाएगी ताकि मतदान निष्पक्ष रूप से हो। पिछले वर्षों के मेयर चुनावों में भाजपा ने क्रॉस-वोटिंग और गठबंधन बदलाव के चलते जीत हासिल की है। 2022 से 2025 तक मेयर चुनावों में नतीजे हर साल बदलते रहे हैं। नगर निगम के 35 वार्डों की सीमाएं और संख्या पहले जैसी ही बनी रहेंगी। 2020 के परिसीमन में वार्डों की संख्या 26 से बढ़ाकर 35 की गई थी। प्रशासन ने नई जनगणना के आंकड़े अभी तक न आने के कारण वार्डों में कोई नया परिसीमन न करने का आदेश जारी किया है।

## इलेक्ट्रिकल वर्कमैन यूनियन 20 जनवरी को करेंगे विरोध-प्रदर्शन

समर न्यूज | चंडीगढ़

इलेक्ट्रिकल वर्कमैन यूनियन की वर्किंग कमेटी की बैठक में 20 जनवरी को विरोध-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि इलेक्ट्रिकल सर्किल से जुड़ी कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

यूनियन ने आरोप लगाया कि वर्करों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा और इस संबंध में प्रशासनिक निर्देशों की भी अनदेखी की जा रही है। प्रमोशन की रिक्त पोस्ट समय पर नहीं भरी जा रही हैं, जबकि आउटसोर्स कर्मचारियों को बिना कारण नौकरी से निकाला जा रहा है। यूनियन ने मांग की कि आउटसोर्स वर्करों को समान काम के लिए समान वेतन दिया जाए, डीसी रेट्स लागू करने में आ रही अड़चनों को दूर किया जाए और चार लेबर कोड में मौजूद मजदूर-विरोधी धाराओं को हटाया जाए। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी गई।

### अवैध एमटीपी पर सख्ती, 20 केंद्रों का पंजीकरण रद्द, लिंगानुपात पहुंचा 971

# पंचकूला में जन्म के समय लिंगानुपात 971, हरियाणा में सर्वाधिक

समर न्यूज | पंचकूला

जिला पंचकूला ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जन्म के समय लिंगानुपात 971 दर्ज किया है जो हरियाणा में सर्वाधिक है। यह जानकारी सिविल सर्जन पंचकूला डॉ. मुक्ता कुमार ने सिविल अस्पताल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। डॉ. मुक्ता कुमार ने बताया कि यह सफलता लिंग-आधारित भेदभाव पर सख्त नियंत्रण, लिंग चयन और मातृ स्वास्थ्य से जुड़े कानूनी प्रावधानों के कठोर अनुपालन तथा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि 27 फरवरी 2025 से अल्ट्रासाउंड जांच से पूर्व सभी एएनसी मामलों में आरसीएच आईडी की अनिवार्य लिंकिंग लागू की गई, जिससे गर्भावस्थाओं


सिविल सर्जन पंचकूला डॉ. मुक्ता कुमार। - समर न्यूज

की पूर्ण निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।

वर्ष 2025 में 157 पीसी-पीएनडीटी केंद्रों और 55 एमटीपी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 9 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, जिनमें 4 पीसी-पीएनडीटी और 5 एमटीपी अधिनियम के तहत थे। साथ ही 15 बीएएमएस चिकित्सकों का भी निरीक्षण किया गया।

आंकड़ों के अनुसार, 10 सप्ताह तक के एमटीपी मामलों में वर्ष 2024 के 2,880 मामलों की तुलना में वर्ष 2025 में संख्या घटकर 2,684 रह गई, जो करीब 7 प्रतिशत की कमी है। वहीं 10 सप्ताह से अधिक अवधि के एमटीपी मामलों में 55.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई जो 339 से घटकर 151 रह गए।

**रिवर्स ट्रैकिंग और एफआईआर**

12 सप्ताह से अधिक अवधि के 75 एमटीपी मामलों की रिवर्स ट्रैकिंग की गई। इनमें से 12 मामले संदिग्ध पाए गए, जिनमें परिवारों का सहयोग नहीं मिला। दोषियों के खिलाफ 2 एफआईआर दर्ज की गईं।

नियामक मानकों का पालन न करने या कदाचार में लिप्त पाए गए 20 एमटीपी केंद्रों का पंजीकरण रद्द किया गया। डॉ. मुक्ता कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई अवैध गतिविधियों के खिलाफ शून्य सहनशीलता का स्पष्ट संदेश है। साथ ही पीसी-पीएनडीटी और एमटीपी अधिनियम के तहत सफल छापेमारी करने वाली टीमों के लिए प्रोत्साहन व्यवस्था भी लागू की गई है।

### सहेली पहल से सामुदायिक भागीदारी

सहेली पहल के तहत आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ नियमित संवेदनशीलता बैठकें आयोजित की जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर गर्भवती महिलाओं को परामर्श, प्रसव-पूर्व देखभाल और निरंतर फॉलो-अप सुनिश्चित किया जा रहा है। डॉ. मुक्ता कुमार ने कहा कि 971 का लिंगानुपात जिले में सशक्त शासन, अंतर-विभागीय समन्वय, कड़े कानून प्रवर्तन और सामुदायिक सहभागिता का प्रमाण है। स्वास्थ्य विभाग भविष्य में भी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने तथा लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# डॉ. रमणीक सिंह बेदी लगातार दूसरे साल चंडीगढ़ मेयर चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

समर न्यूज | चंडीगढ़

शहर के मनोनीत पार्षद डॉ. रमणीक सिंह बेदी को एक बार फिर चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी निष्कलंक छवि, समाज में सम्मानजनक पहचान और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से लंबे समय से जुड़े रहने के कारण प्रशासन ने उन पर पुन भरोसा जताया है।

डॉ. बेदी की यह नियुक्ति मेयर चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

पिछले वर्ष उन्होंने मेयर चुनाव को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया था,


डॉ रमणिक सिंह बेदी अधिकारियों से बात करते हुए। - समर न्यूज

जिससे यूटी चंडीगढ़ की छवि और गरिमा को मजबूती मिली थी। इससे पहले हुए चुनावों को लेकर उपजे विवाद के बाद उनके संतुलित और निष्पक्ष रवैये ने जनता के विश्वास को दोबारा स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई थी।

राजनीतिक विश्लेषकों और जागरूक नागरिकों ने भी डॉ. बेदी के कार्य की सराहना की थी। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि उनकी दोबारा नियुक्ति पार्टी में उनकी बढ़ती साख और कद को दर्शाती है।

स्वच्छ छवि और शिक्षित व्यक्तित्व को देखते हुए भविष्य में उन्हें संगठनात्मक या निर्वाचित पदों की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। डॉ. रमणीक सिंह बेदी की पुनर्नियुक्ति का राजनीतिक और सामाजिक हलकों में स्वागत किया जा रहा है और इसे चंडीगढ़ में एक निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु मेयर चुनाव की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर सेक्टर-34 गुरुद्वारे से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया


नगर कीर्तन समारोह का दृश्य। - समर न्यूज

समर न्यूज | चंडीगढ़

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, सेक्टर-34 से दोपहर 12 बजे शुरू हुआ, जिसमें भारी संख्या में संगत ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। नगर कीर्तन गुरु ग्रंथ साहिब की पावन हजूरी में और पांच प्यारों की अगुवाई में निकाला गया। संगत ने शबद-कीर्तन और जयकारों के साथ पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। यह नगर कीर्तन सेक्टर-34 मार्केट से होते हुए सेक्टर-33, सेक्टर-32/33 के छोटे चौक, सेक्टर-32 से 33 की डिवाइडिंग रोड, गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-20, सेक्टर-20/21 की अंदरूनी मार्केट, अरोमा होटल चौक, सेक्टर-22 मोबाइल मार्केट, सेक्टर-17 बस स्टैंड रोड, क्रिकेट स्टेडियम सेक्टर-16/17, सेक्टर-18 और सेक्टर-19 की मार्केट से गुजरता हुआ गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-7 और सेक्टर-8 तक पहुंचा। नगर कीर्तन के दौरान पूरे रास्ते में जगह-जगह संगत और सेवादारों द्वारा लंगर और जलपान की व्यवस्था की गई। शाम तक नगर कीर्तन अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-8 में संपन्न हुआ।

लक्ष्य

### खेल नर्सरियों में बेहतर सुविधाओं पर जोर और अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने का लक्ष्य

# खेल मंत्री ने खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

समर न्यूज | पंचकूला

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) 491 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी। यह यूनिवर्सिटी केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि भावी ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने की प्रयोगशाला होगी।

यहां पर खेल मैदानों, प्रशिक्षण सुविधाओं, रहने और खाने की अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होंगी। खेल मंत्री ताऊ देवीलाल स्टेडियम में खेल विभाग, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) के अधिकारियों, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों आयोजित की गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान अत्याधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की ड्राइंग व डिजाइन को अंतिम रूप देने पर भी चर्चा की गई।


खेल मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। - समर न्यूज

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को उत्कृष्ट और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसी सोच के तहत हरियाणा सरकार द्वारा खेल विभाग के माध्यम से प्रदेशभर के खेल स्टेडियमों की मरम्मत एवं कायाकल्प के लिए 114 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इनमें से कई स्थानों पर कार्य प्रारंभ भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि खेल मैदानों की जो ग्रेडिंग की गई है, उसमें और अधिक सुधार लाने के लिए डीएससी (डिस्टिक स्पोटर्स कौंसिल) से अतिरिक्त संसाधन खर्च किए जाएंगे, जिसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है।

खेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी अपने-अपने निर्धारित जिलों के स्टेडियमों का महीने में कम से कम दो बार औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा तथा इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि खेल अवसंरचना की नियमित निगरानी से ही जमीनी स्तर पर वास्तविक सुधार संभव है। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में खेलों के लिए और अतिरिक्त फंड का प्रावधान किया जाएगा, ताकि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और अधिक पदक जीतकर देश व हरियाणा का नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां लगातार देश और विदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

खिलाड़ियों के स्तर में सुधार के लिए खेल नर्सरियां अहम कड़ी हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए खेल नर्सरियों में बेहतर सुविधाएं देने के लिए खेल विभाग निरंतर प्रयासरत है। बैठक में खेल विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया, खेल विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) के कुलपति अशोक कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मोटापा नहीं, सर्दियों में शरीर का सुरक्षा कवच है 'ब्राउन फैट'



नई दिल्ली। फैट यानी वसा का नाम सुनते ही लोगों के चेहरों पर शिकन आ जाती है, क्योंकि फैट को हमेशा मोटापे से जोड़कर देखा जाता है, जो काफी हद तक सही भी है, लेकिन शरीर में फैट के दो प्रकार पाए जाते हैं, जिन्हें व्हाइट फैट और ब्राउन फैट कहा जाता है। ये दोनों फैट ही शरीर के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन एक सीमित मात्रा में। विशेषज्ञों के अनुसार, ब्राउन फैट व्हाइट फैट का ही एक रूप है, लेकिन इनकी कार्यप्रणाली में बहुत अंतर होता है। असल में जब व्हाइट फैट शरीर में ऊर्जा के स्टोरेज के तौर पर काम करता है, लेकिन जब वह कैलोरी को बर्न वाली स्टेज में तब्दील होता है तो उसे ब्राउन फैट या ब्राउन एडिपोज टिश्यू कहते हैं। इसलिए ब्राउन फैट ऊर्जा की जरूरत के समय बर्न होकर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है और साथ ही ऊष्मा भी प्रदान करता है। इसलिए ब्राउन फैट शरीर में मोटापा बढ़ाने का नहीं, बल्कि कम करने का काम करता है। यह मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में भी मदद करता है। सर्दियों में शरीर को गर्म रखने में ब्राउन फैट बहुत मदद करता है, जो खुद बर्न होकर शरीर को गर्मी देता है। ये सर्दियों का सुरक्षा कवच है। इसमें माइटोकॉन्ड्रिया की मात्रा ज्यादा होती है। अब सवाल है कि ब्राउन फैट शरीर के लिए क्यों जरूरी है। ब्राउन फैट शरीर में मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, ब्लड शुगर कंट्रोल में सहायक है, इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधारता है, ठंड में शरीर को गर्म रखता है, मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को कम करता है और कैलोरी बर्न करने में मदद करता है। रिसर्च की मानें तो जिन लोगों में मोटापा कम होता है, उनमें ब्राउन फैट की मात्रा अधिक होती है और वे मोटे लोगों की तुलना में ज्यादा एक्टिव होते हैं। वहीं, ब्राउन फैट की कमी शरीर में व्हाइट फैट की अधिकता को दिखाती है। इससे शरीर में थकान होती है और ऊर्जा की कमी बनी रहती है, मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, ठंड ज्यादा लगने लगती है, वजन बढ़ने लगता है, और इंसुलिन रेजिस्टेंस का खतरा बढ़ जाता है।

जाहिर है कि ब्राउन फैट आहार से नहीं मिलता है, बल्कि शरीर में इसे एक्टिवेट करना होता है। इसके लिए पोषण युक्त भोजन के साथ पर्याप्त वर्कआउट करना चाहिए।

# भोजन को स्वादिष्ट तो सेहत का खास ख्याल रखता है सुपरफूड सरसों का तेल



नई दिल्ली। सरसों का तेल भारतीय रसोई का अभिन्मन हिस्सा है, लेकिन कई लोग इसे पुराने जमाने का समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। सरसों का तेल न केवल भोजन को लजीज बनाता है बल्कि सेहत के लिए भी लाभदायी है। आयुर्वेद में सरसों के तेल का खास महत्व है। हाल की कई रिसर्च बताती है कि सरसों का तेल स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है और कई मामलों में जैतून के तेल को भी टक्कर देता है। न्यूट्रिशनिस्ट पूजा मखीजा सरसों के तेल के लाभ को गिनाते हुए इसे दिनचर्या में शामिल करने की सलाह देती हैं। पूजा के अनुसार, सरसों का तेल दिल की सेहत सुधारने, एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करने और शरीर में सूजन को नियंत्रित करने में मददगार साबित होता है। इस तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड की अच्छी मात्रा होती है, जिसे अल्फा-लिनोलेनिक एसिड कहते हैं। यह अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है और सूजन को कम करता है। इससे दिल संबंधी समस्याओं का खतरा कम होता है। सरसों के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट्स का अनुपात दिल के लिए फायदेमंद होता है। ये अच्छे फैट्स खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखते हैं और दिल को मजबूत बनाते हैं।

सरसों के तेल में एलिल आइसोथियोसाइनेट एक खास कंपाउंड है, यह प्राकृतिक रूप से बैक्टीरिया और फंगस से लड़ता है, शरीर को डिटॉक्स करता है और कुछ मेटाबॉलिक बीमारियों से बचाव करता है। यह एंटीमाइक्रोबियल गुण तेल को खास बनाते हैं। सरसों के तेल का स्मोक पॉइंट बहुत ऊंचा होता है, लगभग 250 डिग्री सेल्सियस। इसलिए यह भारतीय तरीके से खाना पकाने के लिए परफेक्ट है – चाहे डीप फ्राई करना हो या तड़का लगाना हो। उच्च ताप पर भी यह हानिकारक ट्रांस फैट्स में नहीं बदलता, जो अन्य तेलों में हो सकता है।

सरसों का तेल ओमेगा-3 और ओमेगा-6 का सही बैलेंस देता है, जो जैतून के तेल में कम होता है। यह भारतीय खानपान के लिए ज्यादा उपयुक्त है। रोजाना संतुलित मात्रा में इस्तेमाल करने से दिल स्वस्थ रहता है, सूजन कम होती है और इम्यूनिटी मजबूत बनती है।

एक्सपर्ट सरसों के तेल के साथ आसान टिप्स भी देते हैं। सरसों के तेल को घी या तिल के तेल के साथ मिलाकर इस्तेमाल करें। इससे स्वाद संतुलित रहता है, खाना बेहतरीन तरीके से पकता है और सभी तरह के हेल्दी फैट्स मिलते हैं। यही नहीं, सर्दियों में सरसों के तेल में आजवायन मिलाकर गर्म कर लें फिर शरीर खास तौर पर पैरों की मालिश करने से एनर्जी मिलती है और दर्द भी खत्म होता है।

# बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आईपीएल में न खिलाने संबंधी निर्देश सरकार से नहीं मिले : बीसीसीआई



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए केकेआर की टीम में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान शामिल हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के बाद मुस्तफिजुर रहमान को केकेआर की टीम में शामिल किए जाने का विरोध हो रहा है। देश के कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने रहमान को टीम से बाहर करने और किसी भी बांग्लादेशी खिलाड़ी को आईपीएल में मौका न देने की मांग की है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस मुद्दे पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

आईएएनएस को बीसीसीआई के सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक भारत सरकार की तरफ से आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ियों को न खिलाए जाने संबंधी कोई निर्देश नहीं मिला है।

बीसीसीआई से जुड़े एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि यह हमारे हाथ में नहीं है। हमें इसमें नहीं पड़ना चाहिए। हमें सरकार से कोई इस संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला है जिसमें हमें बांग्लादेश के खिलाड़ियों को आईपीएल में हिस्सा लेने से रोकने का निर्देश दिया गया हो। अभी इस पर ज्यादा कमेंट नहीं किया जा सकता।

16 दिसंबर 2025 को आईपीएल 2026 के लिए नीलामी हुई थी। केकेआर ने मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ की बड़ी राशि में खरीदा था। यह आईपीएल में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को मिली सबसे बड़ी राशि है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसक घटनाओं के बाद आईपीएल 2026 में रहमान को मौका दिए जाने पर सवाल उठ रहे हैं।

आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने रहमान को साइन करने पर केकेआर और उसके को-ओनर, बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की बुराई की थी। उन्होंने कहा था कि पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार की खबरों के बीच एक बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल करने से हिंदू और सनातन धर्म के मानने वाले दुखी हैं।

30 साल के मुस्तफिजुर रहमान 2016 से आईपीएल खेल रहे हैं। पूर्व में वह सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स, और सीएसके के लिए खेल चुके हैं।

इस दौरान 60 मैचों में वह 65 विकेट ले चुके हैं।

# आयुर्वेदिक दिनचर्या से शरीर की लय बनाए रखें, रहें स्वस्थ और रोगमुक्त



नई दिल्ली। मानव शरीर एक ऐसी मशीन की तरह काम करता है, जिसमें सर्विस से लेकर सुचारू रूप से चलने के लिए सही क्वालिटी के ईंधन की जरूरत होती है। शरीर भी एक लय यानी रिदम के साथ चलता है, अगर ये लय सही है तो शरीर में किसी भी बीमारी की एंट्री होना बहुत मुश्किल है और बुढ़ापा भी जल्दी नहीं आता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे 'सर्कैडियन रिदम' कहा जाता है, लेकिन आयुर्वेद में इसे आयुर्वेदिक दिनचर्या कहा जाता है, जिससे शरीर को मजबूत और रोगमुक्त बनाया जा सकता है। आज हम आपको आयुर्वेद की इसी दिनचर्या के बारे में बताएंगे। सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठें और शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकलने के बाद तांबे के बर्तन में रखा पानी पीएं। बालों और त्वचा के निखार के लिए कुछ तेल की बूंदे नाभि में डालें और आंखों पर अंजन करें। दिन की शुरुआत हल्के व्यायाम और सैर से करें और फिर अभ्यंग जरूर करें। शरीर के लिए अभ्यंग बहुत जरूरी होता है, जिससे शरीर में रक्त का संचार अच्छे तरीके से होता है और मांसपेशियों की थकान भी उतर जाती है।

अब बारी आती है आहार की। आयुर्वेद में आहार का बहुत महत्व है क्योंकि आहार सिर्फ पेट नहीं भरता है, बल्कि ये शरीर को ऊर्जा देने का काम भी करता है। दोपहर का भोजन 12 बजे से लेकर 1 बजे तक कर लें। इस समय जठराग्नि सबसे प्रबल होती है और खाना आसानी से पच जाता है। रात का भोजन हमेशा हल्का रखना चाहिए और सूर्यास्त के बाद खाना खाने से बचना चाहिए। खाना खाने के बाद बिस्तर पर सीधा लेटना नहीं है, बल्कि कुछ कदमों की हल्की सैर भी करनी है। सैर नहीं करना चाहते हैं तो कुछ समय के लिए वज्रासन में बैठें। ये आसन खाना पचाने में मदद करता है।

दूसरा सबसे जरूरी और महत्वपूर्ण समय सोने का समय है। नींद पूरे शरीर के लिए जरूरी है, क्योंकि ये मरम्मत का काम करती है। रात के समय नींद को गहरा बनाने के लिए दूध के साथ त्रिफला या हल्दी ले सकते हैं। ये नींद लाने में सहायक है और तनाव को भी कम करती है। कोशिश करें कि सोते समय बाईं करवट में रहे। बाईं करवट से सोने से शरीर का रक्त संचार सही रहता है और नींद अच्छे से आती है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए 2025 बना ऐतिहासिक साल

अमृतसर। स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए वर्ष 2025 ऐतिहासिक साबित हुआ है। भारत में अपने 25 वर्ष पूरे करने के साथ ही कंपनी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया। वर्ष 2025 में स्कोडा ने कुल 72,665 कारें बेचीं, जो वर्ष 2024 की तुलना में 107 प्रतिशत अधिक है। इस जबरदस्त बढ़त ने 2025 को स्कोडा ऑटो इंडिया का सबसे सफल साल बना दिया।

कंपनी की इस सफलता के पीछे मजबूत उत्पाद रणनीति और नेटवर्क विस्तार की अहम भूमिका रही। नई एसयूवी काइलैक को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली, वहीं कोडिएक, कुशाक और स्लाविया की मांग लगातार बनी रही। इसके साथ ही ऑक्टाविया आरएस की वापसी ने ऑटो प्रेमियों के बीच खास उत्साह पैदा किया।

नेटवर्क विस्तार की बात करें तो स्कोडा अब देश के 183 शहरों में 325 से अधिक ग्राहक संपर्क केंद्रों के साथ मौजूद है। कंपनी ने ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए सेवा सुविधाओं, वारंटी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी विशेष ध्यान दिया।

स्कोडा ऑटो इंडिया का कहना है कि 2026 में भी वह इसी गति को बनाए रखते हुए नए उत्पाद, बेहतर बिक्री व आफ्टर-सेल्स सेवाओं और देशभर में अपनी पहुंच को और मजबूत करने पर काम करेगी।



## सेहत को दें नए साल का तोहफा

# स्वस्थ जीवनशैली के लिए आज ही लें ये संकल्प



नई दिल्ली। साल 2026 के आगमन के साथ नए साल की शुरुआत हो चुकी है। इस अवसर पर खुद को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने का संकल्प लेना सबसे अच्छा रेजोल्यूशन हो सकता है। कुछ सरल नियमों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर हम शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। ये नियम आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित हैं, जो बीमारियों और संक्रमणों से बचाव में मदद करते हैं। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय बताता है कि सबसे पहले संतुलित आहार स्वस्थ रहने के लिए बेहद जरूरी है।

रोजाना ताजे फल, हरी सब्जियां और प्रोटीन से भरपूर भोजन लें। साथ ही मोटे अनाज को भोजन की थाली में शामिल करें। इससे शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वजन नियंत्रित रहता है।

दूसरा महत्वपूर्ण नियम है रोजाना व्यायाम। रोजाना कम से कम 30 मिनट हल्का व्यायाम जैसे योगासन, टहलना या वॉकिंग करें। सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम -विलोम के अभ्यास से तन-मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। इससे, फेफड़े, हृदय जैसे महत्वपूर्ण अंग मजबूत होते हैं और ऊर्जा का स्तर बना रहता है।

भरपूर पानी पीना न भूलें। दिन भर में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। इससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है, पाचन तंत्र ठीक रहता है और विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं।

नींद को प्राथमिकता दें। हर रात 7-8 घंटे की गहरी और आरामदायक नींद लें। अच्छी नींद से दिमाग तरोताजा रहता है, थकान दूर होती है और शरीर खुद को रिपेयर करता है।

तनाव से बचने के लिए ध्यान या मानसिक विश्राम की आदत डालें। रोजाना कुछ मिनट ध्यान करें, इससे मन शांत रहता है और मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होता है।

इसके अलावा अपनी स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। हाथ धोना, साफ-सफाई जैसे छोटे नियम संक्रमण से बचाते हैं।

तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों से पूरी तरह दूर रहें, क्योंकि ये स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े दुश्मन हैं। साथ ही, डिब्बाबंद या बाहर के जंक फूड से परहेज करें, क्योंकि इनमें हानिकारक तत्व होते हैं।

ये आसान संकल्प अपनाकर आप न केवल बीमारियों से दूर रहेंगे, बल्कि पूरे साल ऊर्जावान और खुशहाल महसूस करेंगे।

# जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं गुंटूर मिर्च, वात दोष भी होगा कम



नई दिल्ली। जोड़ों का दर्द आज के समय में बहुत आम समस्या बन गया है। बढ़ती उम्र, गलत जीवनशैली, तनाव और पोषण की कमी से यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। अक्सर लोग दर्द से राहत पाने के लिए दवाओं पर निर्भर हो जाते हैं, लेकिन प्रकृति ने हमें कई ऐसी चीजें दी हैं, जो बिना साइड इफेक्ट के मदद कर सकती हैं। ऐसे ही प्राकृतिक उपायों में से एक है गुंटूर मिर्च। यह मिर्च अपनी तीखी और मसालेदार प्रकृति के लिए जानी जाती है। जोड़ों के दर्द में गुंटूर मिर्च एक सहायक उपाय के रूप में सामने आती है। आयुर्वेद में गुंटूर मिर्च को गर्म चीज माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार, जब शरीर में वात दोष असंतुलित होता है तो जोड़ों में दर्द और अकड़न होती है। गुंटूर मिर्च की गर्म तासीर वात दोष को संतुलित करने में मदद कर सकती है। इसमें मौजूद कैपसाइसिन नामक तत्व रक्त संचार बढ़ाता है, जिससे जोड़ों तक पोषक तत्व और ऑक्सीजन बेहतर तरीके से पहुंचते हैं। यह सूजन को कम करने और दर्द की तीव्रता घटाने में असरदार होता है। जब रक्त संचार बेहतर होता है तो जोड़ों की अकड़न धीरे-धीरे कम होने लगती है।

इसमें मौजूद कैपसाइसिन नामक तत्व शरीर में प्राकृतिक दर्द को नियंत्रित करने वाले पदार्थों एंडोर्फिन और साइटोकाइन को सक्रिय करता है। इसके अलावा, दर्द का संकेत देने वाले न्यूरॉन्स की गतिविधि को भी नियंत्रित करता है, जिससे जोड़ों का दर्द कम महसूस होता है।

गुंटूर मिर्च न केवल जोड़ों के दर्द में राहत देती है, बल्कि यह शरीर में सूजन और संक्रमण को कम करने में भी सहायक होती है। आयुर्वेद में यह मिर्च पाचन को मजबूत करने, रक्त को साफ करने और शरीर में गर्मी बनाए रखने के लिए उपयोगी मानी जाती है। वैज्ञानिक रिसर्च के अनुसार, गुंटूर मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। गुंटूर मिर्च का उपयोग कई बीमारियों में राहत देने के लिए किया जा सकता है। यह सर्दी-जुकाम, हल्की खांसी और हृदय स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हो सकती है। इसकी गर्म तासीर पाचन क्रिया को सुधारती है और शरीर में ऊर्जा बनाए रखती है। हालांकि मिर्च का सेवन संतुलित मात्रा में करना चाहिए। ज्यादा तीखी मिर्च से पेट में जलन, जलन या एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

# वार्ड-86 के प्रिंगल ग्राउंड में कूड़े का पहाड़ बना लोगों की परेशानी

## कूड़े के ढेर में आग लगने से जसवंत नगर में फैला जहरीला धुआं, लोग बोले-प्रशासन की लापरवाही से बढ़ी परेशानी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

वार्ड नंबर 86 जसवंत नगर के प्रिंगल ग्राउंड में पिछले कई वर्षों से जमा हो रहा कूड़ा अब स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। मोहल्ला निवासी रामराज पूत ने बताया कि उन्होंने सुबह ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई कि यहां से कूड़ा उठवाया जाए, लेकिन इसके अगले ही दिन सुबह किसी शरारती तत्व ने कूड़े के इस ढेर में आग लगा दी।

आग लगते ही पूरे इलाके में धुएँ का ऐसा गुबार फैल गया कि लोगों के लिए घरों से बाहर निकलना तो दूर, सांस लेना भी मुश्किल हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछली सरकार की लापरवाही के चलते यहां अस्थायी रूप से कूड़ा डालना शुरू किया गया था, जो अब स्थायी डंपिंग साइट में बदल चुका है।


पार्षद मंजीत सिंह ढिल्लों। -समर न्यूज़

गलत फैसलों का खामियाजा आज पूरा इलाका भुगत रहा है, रामराज पूत ने कहा। उनके साथ-साथ राज जुनेजा, सुनीता, विपुला रानी, प्रदीप कुमार और जगत नारायण ने भी आरोप लगाया कि कई बार शिकायतें करने और धरना देने के बावजूद प्रशासन नहीं जागा।

निवासियों के मुताबिक कूड़े के ढेर से लगातार बदबू फैलती रहती है,


प्रिंगल ग्राउंड में लगा कूड़े का ढेर।

मक्खियाँ-मच्छर बढ़ गए हैं और आए दिन किसी न किसी को बुखार, एलर्जी और सांस संबंधी दिक्कतें हो रही हैं। मोहल्लावासियों ने बताया जब कोई आग लगा देता है तो पूरा इलाका धुएँ से भर जाता है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है।

लोगों ने सवाल उठाया कि सफाई-व्यवस्था पर बड़े-बड़े दावे करने वाले मेयर और विधायक इसी सड़क से गुजरते हैं, फिर भी उनकी नजर इस कूड़े के पहाड़ पर क्यों नहीं पड़ती? नागरिकों का कहना है कि चुने हुए प्रतिनिधियों को इस मुद्दे पर तुरंत



शिकायत का स्क्रीनशॉट।

कार्रवाई करनी चाहिए और स्थायी समाधान लाना चाहिए।

### बाहर के लोग चोरी-छिपे कूड़ा फेंकते हैं - पार्षद

वार्ड के पार्षद मंजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि निगम की ओर से कई बार कार्रवाई की गई है। "बाहर के लोग चोरी-छिपे ट्रॉलियों और गाड़ियों में भरकर यहां कूड़ा डाल जाते हैं। हमने कई बार चालान करवाए हैं और कूड़ा भी उठवाया गया है। फिर भी लोग बाज नहीं आते," उन्होंने कहा। पार्षद ने अपील की कि समस्या खत्म करने के लिए इलाके के लोगों को भी सहयोग करना होगा।

### निगम कूड़ा नहीं डालता, नोटिस जारी होगा - सेनेटरी इन्स्पेक्टर

सेनेटरी इंस्पेक्टर तरविंदर कुमार ने भी यही बात दोहराई कि निगम की ओर से यहां कचरा नहीं डाला जाता। बाहर से कुछ लोग मौके का फायदा उठाकर कूड़ा फेंक जाते हैं। कई बार चालान हो चुके हैं, लेकिन आदतें नहीं बदलीं। जल्द ही प्लॉट मालिक के खिलाफ नोटिस जारी किया जाएगा। इंस्पेक्टर के अनुसार, कूड़े का उठान नियमित रूप से कराया जा रहा है, मगर जब तक अनियमित डंपिंग पर रोक नहीं लगेगी, समस्या बनी रहेगी।

### लोगों ने प्रशासन से मांगा स्थायी समाधान

इलाका निवासियों का कहना है कि अब अस्थायी उपायों से काम नहीं चलेगा। उनका सुझाव है कि या तो इस जगह को पूरी तरह से बंद कर दिया जाए या फिर यहां निगरानी के पक्के इंतजाम किए जाएँ-सीसीटीवी, चेतावनी बोर्ड, भारी चालान और नियमित निगरानी टीम तैनात की जाए।

# डीसी ने पैरा टेबल टेनिस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शुभम वधवा की सराहना की

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने शुक्रवार शाम नगर लुधियाना निवासी प्रसिद्ध पैरा टेबल टेनिस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शुभम वधवा की खेल जगत में शानदार उपलब्धियों के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शुभम ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल देश और पंजाब बल्कि लुधियाना का भी नाम रोशन किया है।

कई बार के राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शुभम वधवा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। नवंबर 2025 में मिस्र में आयोजित आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा चैलेंजर में उन्होंने रजत पदक जीता था। इसके अलावा हाल ही में हुई राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप में भी उन्होंने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। डिप्टी कमिश्नर ने अपने कार्यालय में



शुभम वधवा को सम्मानित करते हुए कहा कि उनका संघर्ष और सफलता की यात्रा बेहद प्रेरणादायक है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद शुभम ने दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण के साथ खुद को साबित किया है और वे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं। डीसी जैन ने शुभम को एशियन पैरा गेम्स 2026 और पैरालंपिक 2028 की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### लुधियाना में दर्दनाक सड़क हादसा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में जालंधर बाइपास के नजदीक एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह संतुलन खो बैठा और उसका सिर सड़क के डिवाइडर से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की नाक की हड्डी टूट गई और उसकी एक आंख बाहर आ गई। गंभीर रूप से घायल युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना दरेसी की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर पहुंचे थाना दरेसी के एएसआई सुखविंदर सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवा दिया। पुलिस ने मृतक के कपड़ों और जेब की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई भी पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ,



जिससे उसकी पहचान हो सके।

एएसआई सुखविंदर सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर सबसे पहले थाना सलेम टाबरी की पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन यह इलाका उनके थाना क्षेत्र में नहीं आता। इसके बाद थाना दरेसी की पुलिस ने मामले की जांच अपने हाथ में ली। पुलिस के अनुसार मृतक की बाइक किसी अन्य सब डिवीजन की प्रतीत हो रही है, जिस आधार पर बाइक के नंबर के जरिए मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी टक्कर मारने वाले वाहन या उसके चालक के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हुए हैं, जिससे आरोपी वाहन की पहचान में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतक युवक के चेहरे, नाक और बाजू पर गंभीर चोटों के निशान हैं। सिर पर गहरी चोट लगने के कारण अत्यधिक खून बहा, जो मौत का कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान होते ही उसके परिजनों को सूचित किया जाएगा और आरोपी वाहन चालक की तलाश तेज की जाएगी।

# लोहड़ी से पहले चाइना डोर के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 186 गट्टू बरामद

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लोहड़ी के त्योहार से पहले पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने प्रतिबंधित चाइना डोर के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में थाना पीएयू और मुल्लापुर दाखा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 186 गट्टू प्रतिबंधित प्लास्टिक चाइना डोर बरामद की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।




थाना पीएयू पुलिस की ओर से की गई, जहां 176 गट्टू प्रतिबंधित प्लास्टिक डोर बरामद की गई। वहीं, मुल्लापुर दाखा पुलिस ने अलग कार्रवाई में 10 गट्टू चाइना डोर के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, त्योहारों के दौरान पतंगबाजी के बढ़ते चलन के कारण चाइना डोर का अवैध कारोबार तेज हो जाता है, जिसे रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मुल्लापुर दाखा क्षेत्र में की गई कार्रवाई के संबंध में डीएसपी दाखा वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि थाना मुल्लापुर दाखा के एसएचओ हमराज सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव बासियां बेट निवासी जसप्रीत सिंह, गांव थरीके में स्थित अपनी पतंग और पटाखों की दुकान से प्रतिबंधित चाइना डोर बेच रहा है। सूचना के आधार पर एएसआई सुरिंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को 10 गट्टू चाइना डोर के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह थाना पीएयू क्षेत्र में एसएचओ विजय कुमार की टीम ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी दीपक कुमार उर्फ राजू, निवासी अय्याली खुर्द हंबड़ा रोड, को काबू किया। जांच में सामने आया कि आरोपी अलग-अलग स्थानों से चाइना डोर मंगवाकर लोगों के घरों तक डिलीवरी करता था। पुलिस ने उसके पास से 176 गट्टू प्लास्टिक डोर बरामद की। डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा ने कहा कि चाइना डोर पूरी तरह प्रतिबंधित है और यह आम लोगों, पशुओं और पक्षियों के लिए बेहद खतरनाक साबित होती है।

# बकाया टैक्स न चुकाने वालों पर सख्ती

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम लुधियाना ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स और पानी-सीवरेज यूजर चार्ज की वसूली तेज कर दी है। कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने अधिकारियों को नियमित फील्ड में जाकर तय लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ढिलाई बरतने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# लुधियाना में 270 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

सुनील शिंगार | लुधियाना
समर न्यूज़

नशों के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत पुलिस कमिशनरेट लुधियाना की सी.आई.ए. टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 270 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जो कि कमर्शियल मात्रा में आती है। आरोपी के खिलाफ नशा तस्करी के आरोप में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान जिला मोगा के रहने वाले गुरविंदर सिंह उर्फ गिंदा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी के धंधे में संलिप्त था और लुधियाना के विभिन्न इलाकों में हेरोइन की सप्लाई करता था। इस संबंध में जानकारी देते हुए ए.डी.सी.पी. अमनदीप सिंह बराड़ और ए.सी.पी. डिटेक्टिव हर्षप्रीत सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर अवतार सिंह, इंचार्ज सी.आई.ए. की टीम नशा तस्करों के खिलाफ गश्त और निगरानी कर रही थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी इलाके में नशा तस्करी की गतिविधियों में शामिल है। सूचना के आधार पर सी.आई.ए. टीम ने मुंडिया कलां इलाके में रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 270 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद पुलिस ने थाना जमालपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि वह हेरोइन कहां से लाता था और किन इलाकों में इसकी सप्लाई करता था। आरोपी के अन्य संपर्कों और नेटवर्क को लेकर भी जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

विरोध

### इलाका पार्षद की सहमति अनिवार्य की जाए

# पार्षदों का विरोध: सफाई कर्मचारियों के मनमाने तबादले हों रद्द

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम में सफाई कर्मचारियों, सीवरमैन और नंबरदारों की तैनाती तथा बार-बार किए जा रहे तबादलों को लेकर विपक्षी पार्षदों ने जोन-डी दफ्तर में निगम कमिश्नर के साथ बैठक की। पार्षदों ने मांग पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि नगर निगम हाउस के गठन के बाद से करीब एक साल में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के तबादले बिना संबंधित इलाका पार्षद की सहमति के किए गए हैं, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था और सीवरेज प्रबंधन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

पार्षदों ने कहा कि वार्डों के लोग



सफाई और सीवरेज संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे अपने चुने हुए पार्षदों से संपर्क करते हैं। ऐसे में जब बिना जानकारी के कर्मचारियों को बदल दिया जाता है, तो न केवल व्यवस्था बिगड़ती है बल्कि नए कर्मचारियों को इलाके को समझने में समय लग जाता है, और इसका सीधा असर आम लोगों को मिलने वाली बुनियादी सेवाओं पर पड़ता है।

उनका आरोप है कि जिन कर्मचारियों को पार्षदों की सहमति से वार्डों में तैनात किया गया था, उन्हें सत्ताधारी दल की सिफारिश पर बार-बार बदला जा रहा है, जबकि पार्षदों से कोई राय नहीं ली जाती। कई वार्डों में एक ही साल में 5–7 बार तक सफाई कर्मचारियों और सीवरमैन के तबादले किए जा चुके हैं।

पार्षदों ने 31 दिसंबर 2025 को जारी आदेशों का भी हवाला दिया, जिनके अनुसार बिना इलाका पार्षद से राय लिए नए नंबरदार अलग-अलग वार्डों में तैनात कर दिए गए। उनका कहना है कि ये नंबरदार इलाकों से परिचित नहीं हैं और यह प्रक्रिया खासतौर पर विपक्षी पार्षदों के वार्डों में अपनाई गई। उदाहरण के रूप में लुधियाना पूर्वी हलके में लगाए गए छह नए नंबरदारों में तीन कांग्रेस, दो भाजपा और एक अकाली दल से जुड़े वार्ड शामिल हैं।

पार्षदों ने मांग की कि हालिया सभी तबादले तुरंत रद्द किए जाएं और भविष्य में किसी भी पार्टी के पार्षद का वार्ड हो, सफाई कर्मचारियों, सीवरेज कर्मचारियों और नंबरदारों के तबादले केवल संबंधित इलाका पार्षद की सहमति से ही किए जाएं। उनका कहना है कि मनमाने तबादलों के कारण वार्डवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है और बढ़ती गंदगी के चलते लुधियाना की छवि राज्य ही नहीं, देशभर में प्रभावित हो रही है।

उन्होंने निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल से अपील की कि आगे से कोई भी तबादला करने से पहले इलाका पार्षद की सहमति अनिवार्य की जाए, ताकि वार्डों का काम सुचारू रूप से चल सके।

बैठक के दौरान निगम कमिश्नर ने पार्षदों की मांगो पर विचार करने करने के लिए दो दिन का समय माँगा और आश्वासन दिया कि मुद्दों की समीक्षा कर उचित कदम उठाए जाएंगे।

बैठक के दौरान वार्ड-26 के पार्षद गौरव भट्टी, वार्ड-2 के संगीता कलसी, वार्ड-32 के जसविंदर सिंह, वार्ड-4 के सुखविंदर सिंह बावा, वार्ड-12 के हरजिंदर पाल, वार्ड-20 के चतरबीर सिंह, वार्ड-36 के सतनाम सिंह, वार्ड-7 से मोनू खिंडा सहित स्वर्णदीप चाहल और सतनाम ढिल्लों आदि मौजूद रहे।

# सीता नगर में सुप्रीम शॉपकीपर एसोसिएशन की मीटिंग



समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में पीपल वाला चौंक अशोक, सीता नगर में सुप्रीम शॉपकीपर एसोसिएशन की मीटिंग हुई। जिसमें सर्वसम्मति से श्री मोहिंदर पाल जी को चेयरमैन, राजपाल मुंजाल को वाइस चेयरमैन, प्रधान शिव वर्मा, वाइस प्रधान मनोज चोपड़ा, जनरल सेक्रेटरी सुदर्शन जैन, ज्वाइंट सेक्रेटरी किशोर कुमार, स्टेज सेक्रेटरी संजीव साही, कैशियर प्रिंस शर्मा, ज्वाइंट कैशियर रूपेश सूद, मुख्य सलाहकार शी शाम मल्होत्रा, सलाहकार सरदार प्रितपाल सिंह बब्बर जी को कार्यकारणी में शामिल किया गया। इस मीटिंग में अन्य सदस्य प्रेम कुमार, राम कुमार, प्रशांत शर्मा, खेम मोदी, हैप्पी, संदीप कुमार, हीरा लाल, सरदार देविंद्र सिंह, सरदार रविन्द्र सिंह, हेमंत, दीपक भंडारी, अंकित बब्बर, अमित, रवि भंडारी, नरेंद्र सूद, हरीश भंडारी, हरप्रीत सिंह, राजिंदर कुमार, सरदार गुरदीप सिंह, चेतन शर्मा, जगजीत सोनी जी भी उपस्थित हुए। अथवा नव वर्ष के उपलक्ष्य में एसोसियेशन की तरफ से पहला हलवे का लंगर भी लगाया गया।




ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 112